# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024










## महादेव सट्टे में अब क्रिप्टो की एंट्री, किला ढहने के बाद भुगतान के तरीके में बदलाव, दुबई जा रही क्रिप्टो करेंसी

### स्थानीय स्तर पर हर आधे घंटे में नए अकाउंट से लेन-देन कर रहे सटोरिए

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए गए बर्खास्त पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव की निशानदेही पर राजधानी पुलिस ने बिहार के पांच सटोरियों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार किया है। ये सटोरिए कोलकाता में बैठकर महादेव पैनल-364 आईडी से आईपीएल क्रिकेट मैच में दांव लगवा रहे थे। पता चला है कि पुलिस की सख्ती के बाद दुबई में बैठे सट्टा संचालकों द्वारा सट्टे की रकम क्रिप्टो करेंसी के रूप में लिया जा रहा है।

महादेव सट्टा को लेकर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी संतोष सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि पिछले दिनों पचमढ़ी से गिरफ्तार किए गए अर्जुन यादव की निशानदेही पर उसी के ग्रुप से जुड़े बिहार के बांका निवासी गोपी यादव, महेश यादव, मिथुन ▶▶|शेष पेज 6 पर


### कोलकाता में पैनल लेकर सट्टा संचालित कर रहे बिहार के पांच सटोरिए गिरफ्तार

#### अब तक नौ पैनल की जानकारी

पुलिस अफसर के मुताबिक महादेव सट्टा एप को लेकर हाल के दिनों में की गई कार्रवाई में अब तक नौ पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित करने का भंडाफोड़ किया जा चुका है। उक्त कार्रवाई में पुलिस अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। गिरफ्तार सटोरियों से पुलिस को 110 बैंक अकाउंट की जानकारी मिली है। उक्त अकाउंट में जमा रकम पुलिस अफसर ने फ्रीज कराने की कार्रवाई करने संबंधित बैंकों को पत्र लिखने की बात कही।



हाईटेक



#### हर आधे घंटे में नया अकाउंट

पुलिस अफसर के मुताबिक सट्टा संचालित करने दुबई में बैठे सट्टा संचालक अपने पैनल ऑपरेटर को सट्टे की रकम लेन-देन करने एक बैंक अकाउंट देता है। उक्त बैंक अकाउंट में पैनल ऑपरेटर सट्टे की रकम का स्थानीय स्तर पर लेन-देन करता है। अकाउंट में आधे घंटे के अंदर किसी भी प्रकार से पैसों का ट्रांजेक्शन नहीं होने पर दुबई में बैठा ऑपरेटर उस अकाउंट की जगह पैनल ऑपरेटर को नया अकाउंट नंबर देता है।

### बदला मौसम : रायपुर में सुबह गर्मी, शाम को छाए बादल बरस गए

## छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में आंधी और बारिश, बिहार में गाज गिरने से 11 की मौत

**बैसाख का महीना आषाढ़ जैसा हो गया। रविवार शाम को छत्तीसगढ़ के कई शहरों में बादल घिर आए, धूल भरी आंधी चली और फिर बारिश हुई। देश की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश की खबर है। इस बीच, बिहार में पिछले 24 घंटे में गाज गिरने की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई।**


### दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज काफी बिगड़ा हुआ नजर आ रहा है। रविवार को दिल्ली-एनसीआर, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, पंजाब समेत देश के कई हिस्सों में धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। इसके साथ ही झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड और तमिलनाडु में गरज के साथ मध्यम बारिश हुई। दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुबह से ही ठंडा-ठंडा रहा। आसमान ▶▶|शेष पेज 6 पर

**आज कैसा रहेगा मौसम**

- छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश में बिजली गिरने का अनुमान
- मौसम विभाग के अनुसार, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में हो सकती है भारी बारिश
- दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में धूलभरी आंधी चलेगी। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।



#### इन राज्यों में ऐसा अनुमान

मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और कर्नाटक में तेज बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, केरल, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी हल्की बारिश होगी। यहां धूलभरी आंधी भी चलेगी।

#### छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के ऊपर बनी अलग-अलग द्रोणिका के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के मौसम में फिर बदलाव हो गया है। पिछले दो दिनों से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अंधड़ चलने और हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम में हुए बदलाव की वजह से तापमान में एक बार फिर गिरावट आ गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि पिछले दो दिन से राज्य के अलग-अलग हिस्से में मौसम बदल रहा है। इसकी वजह से तेज गर्मी अपना असर नहीं दिखा पा रही है। उत्तरी हिस्से से शुरु हुई वर्षा की गतिविधि मध्य तथा बस्तर को भी प्रभावित करेगी। रविवार को राजधानी सहित आसपास के इलाकों में बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में शहर के कुछ स्थानों पर प्रदेश में कल दिनांक 13 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। मौसमी बदलाव की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने के आसार बन रहे हैं।

**दांपत्य जीवन में तनाव बनी वजह**

### पुलिस आरक्षक ने खुद को मारी गोली, हालत नाजुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर के जूटमिल थाने में पदस्थ आरक्षक सन्नी मालाकार ने रविवार की सुबह अपने इंदिरा नगर स्थित निजी निवास पर खुद को गोली मार ली। आरक्षक को नाजुक हालत में रायपुर रेफर किया गया है। घायल पुलिस जवान के पिता भी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पदस्थ हैं। आरक्षक सन्नी मालाकार के आत्मघाती कदम उठाने के पीछे दाम्पत्य जीवन में तनाव को वजह बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### रायपुर रेफर

सन्नी को लहूलुहान हालात में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सन्नी अपने वैवाहिक जीवन से परेशान चल रहा था, संभवतः उसने इसी वजह से खुद को गोली मार ली है। बहरहाल घायल की हालत बेहद नाजुक है, वहीं सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

#### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

राजस्थान 141/5 VS चेन्नई 145/5

5 विकेट से जीती सीएसके

3 विकेट : सिमरजीत सिंह
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

गुजरात VS कोलकाता

समय : दोपहर 3.30 बजे

समय : शाम 7.30 बजे

### खबर संक्षेप

#### सोरेन की याचिका पर आज होगी सुनवाई



नई दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। इसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट से उनकी याचिका खारिज किए जाने के तीन मई के आदेश को चुनौती दी है।

#### ईडी ने मंत्री आलमगीर को किया तलब



रांची। ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। संघीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके (लाल) घरेलू सहायक को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। 70 वर्षीय आलम को अपना बयान दर्ज कराने मंगलवार को उपस्थित होने को कहा है।

**धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं उड़ानें**

### काम पर लौटे क्रू मेंबर, एआई एक्सप्रेस की रफ्तार होगी तेज



एजेंसी ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस धीरे-धीरे अपनी उड़ानें बहाल कर रही है और नेटवर्क को स्थिर कर रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर चालक दल यूनियन ने बताया है कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए उनके सभी सदस्य काम पर लौट आए हैं। अधिकारी ने कहा कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को कम से कम 20 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं और मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है।

#### सुलह के बाद हड़ताल वापस

राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त ने सुलह के लिए एक बैठक बुलाई, जिसके बाद गुरुवार को हड़ताल वापस ले ली गई। एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों को जारी सेवा समाप्ति का पत्र भी वापस ले लिया। बैठक में एयरलाइन और एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### कुलपति के बाद सहायक प्राध्यापकों पर गिर सकती है गाज

**रायपुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी विवि के कुलपति को उनके पद से हटाए जाने के बाद फर्जी तरीके से नियुक्त हुए सहायक प्राध्यापकों पर भी गाज गिर सकती है। जिन सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति फर्जी तरीके से किए जाने के आरोपों के आधार पर कुलपति को पद से हटाया गया है, अब उन सहायक प्राध्यापकों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। कुलपति को राजभवन द्वारा पिछले शुक्रवार आदेश जारी कर पद से हटाया गया था। विवि द्वारा बीते वर्ष दो चरणों में सहायक प्राध्यापकों के 36 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। यूजीसी नियमों के अनुसार, सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का नेट क्वालिफाई होना और पीएचडी डिग्रधारी होना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, प्राध्यापकों की योग्यता की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुलपति प्रो.कुरील ने ऐसे अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति प्रदान कर दी, जिनके पास पीएचडी डिग्री नहीं थी।

- राजभवन द्वारा हटाए जा चुके हैं उद्यानिकी विवि के कुलपति प्रो .कुरील

#### पीएचडी धारियों ने भी किए थे आवेदन

एक वर्ष पूर्व अप्रैल माह में उद्यानिकी विवि द्वारा पहला आवेदन निकाला गया था। उस वक्त 3 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। दूसरा विज्ञापन जुलाई में निकालते हुए 36 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। इस तरह से कुल 39 पदों पर भर्ती होनी थी, लेकिन नियुक्ति सिर्फ 36 पदों पर हुई। ऐसा नहीं है कि इन पदों के लिए विवि को योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन नहीं मिले। नेट उत्तीर्ण होने के साथ ही पीएचडी डिग्री धारियों ने भी इसके लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज करते हुए गैर पीएचडी डिग्रीधारियों को नियुक्ति दे दी गई। मामला सामने आने के बाद अन्य आवेदनकर्ताओं ने भी विरोध किया था।

**कुलपति का पद रिक्त** डॉ.कुरील को हटाए जाने के बाद संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग को यहां का प्रभार दिया गया है। उद्यानिकी विवि के वर्तमान कुलपति की नियुक्ति 2022 में की गई थी। बतौर कुलपति उनका तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल शेष था। अब विवि में कुलपति का पद रिक्त हो गया है। ऐसे में यहां कुलपति की नियुक्ति के लिए पुनः विज्ञापन निकाले जा सकते हैं।

### स्कूलों के बाद अब अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**जद में एयरपोर्ट भी, ईमेल से हड़कंप**

एजेंसी : नई दिल्ली

दिल्ली में एक बार फिर ईमेल के जरिए धमकी भेजी गई है। दिल्ली में स्थित देश के प्रतिष्ठित आईजीआई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। तीन अस्पतालों को धमकी दी गई है, उनमें बुराड़ी में स्थित बुराड़ी शासकीय चिकित्सालय और मंगोलपुरी में स्थित संजय गांधी अस्पताल और डाबरी इलाके में स्थित दादा देव अस्पताल हैं।



**ई-मेल से धमकीः** बुराड़ी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आशीष गोयल ने बताया कि शाम को करीब 3:00 बजे उन्हें ईमेल मिला। ईमेल में लिखा था कि हॉस्पिटल में बम रखा है। पहले अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने जांच की तो उन्हें कुछ नहीं मिला। उसके बाद पुलिस ने इसकी जांच की तो वहां कुछ नहीं मिला। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल नहीं है। अब सब सामान्य है।

#### मौके पर पहुंची टीम

डीसीपी (नॉर्थ) मनोज मीणा ने कहा है कि बम की सूचना मिलने के बाद बम स्क्वायड, दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि, अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस की तरफ से एक बयान में कहा गया है कि बुराड़ी अस्पताल को बम से दहलाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी।










**बदरीनाथ धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा पूरी तरह से प्रारंभ**

### बदरीनाथ धाम में छह महीने से जल रही अखंड ज्योति के हुए दर्शन

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह बंद रहने के बाद रविवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ चारों धामों की यात्रा शुरू हो गई। वैदिक मंत्रोच्चारण और श्रीबद्री विशाल लाल की जयकारों के साथ रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही पहले दर्शन अखंड ज्योति के हुए। यह छह माह से जल रही है। इसके बाद बदरीनाथ पर चढ़ा हुआ घी ▶▶|शेष पेज 6 पर



#### तीन चाबियों से खुला ताला

बदरीनाथ धाम में मंदिर कपाट का ताला तीन चाभियों से खुला। इनमें एक टिहरी राजदरबार, दूसरी चाबी बद्री-केदार मंदिर समिति के पास और तीसरी चाबी बद्रीनाथ धाम के रावल और पुजारियों के पास होती है, जिन्हें हक-हकूकधारी कहा जाता है।

#### फूलों की खुशबू से महक उठा बदरीनाथ धाम

बदरीनाथ धाम की फूलों से दिव्य सजावट की गई है, जो अलौकिक छटा बिखेर रही है। फूलों की खुशबू से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। पहले दिन दर्शन के लिए लगभग 20 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। 11 मई की रात से ही हल्की बारिश होने लगी थी। इससे पहले मौसम विभाग ने 11 से 13 मई तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की बैटरी-तिरपाल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** ट्रक से बैटरी और तिरपाल चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 9 मई रात की है। अज्ञात चोर गोंदवारा क्षेत्र में एमपी लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट यार्ड में प्रवेश कर वहां खड़े ट्रक की बैटरी और तिरपाल चोरी कर ले गए थे। घटना की रिपोर्ट शैलेंद्र पाल ने दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामले में मुखबिर की सूचना पर गोंदवारा ओवरब्रिज के पास दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक रामेश्वर साय पैकरा मूलतः ग्राम रंगारटोली थाना कांसाबेल जशपुर का निवासी है, जो वर्तमान में गांधी मैदान रायपुर में रहता है। दूसरा आरोपी बुद्धू सिंग मूलतः ग्राम कुम्हार मंडला मध्यप्रदेश का निवासी है, जो वर्तमान में ओवरब्रिज के नीचे गोंदवारा में रहता है।

### स्कूटी से शराब परिवहन करते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** स्कूटी से शराब परिवहन करते एक व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। राखी पुलिस को 11 मई को मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम तांदुल से गनौद की तरफ एक व्यक्ति स्कूटी वाहन से शराब अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहा है। सूचना के आधार पर बाइक सवार व्यक्ति को पकड़कर पुलिस ने वाहन की डिक्की से 33 पौवा देशी शराब जब्त की। आरोपी भागवत तारक ग्राम गनौद राखी का निवासी है। पुलिस ने इस मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, गिरफ्तार

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 9 मई की रात साढ़े 8 बजे की है। प्रार्थी सोहन वर्मा अपने साथी राजू वर्मा के साथ ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी हसन खान उर्फ राजा निवासी गांधीनगर पंडरी आसिफ के साथ मिलकर उसके पास पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की।

### कोर्ट से पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार

रायपुर। रायपुर लोवर कोर्ट से एनडीपीएस प्रकरण का एक आरोपी कोर्ट से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना 10 मई की शाम करीब 5 बजे की है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को एनडीपीएस प्रकरण के 3 आरोपियों को एवं एक अन्य प्रकरण के एक आरोपी को पेशी के लिए लोवर कोर्ट लाया गया था। इस पेशी के दौरान पहले एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों को एनडीपीएस न्यायालय में पेश किया गया।

# रबी के धान से मंडियां आबाद, इस बार मिल रही अच्छी कीमत, महामाया बिका 2300 रुपए

## महामाया, ओम-3, सरना और आरबी गोल्ड धान की किस्मों की कीमत अधिक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में रबी फसल की कटाई के बाद अंचल के किसान धान विक्रय के लिए जिलों के विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक पहुंच रहे हैं। इन दिनों मंडी में लगभग 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक हो रही है। ज्यादातर किसान धान की किस्में आईआर-64, ओम-3, महामाया लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी में किसानों को 2142 रुपए से 2300 रुपए कीमत मिल रही है। मंडी में धान की आवक बढ़ने के साथ ही साथ यहां कार्यरत हमालों को भी पर्याप्त काम मिल रहा है।

रबी फसल की कटाई-मिंजाई के बाद कृषि उपज मंडी धमतरी, कुरुद, राजनांदगांव, भाटापारा, नवापारा, रायपुर में धान की आवक बढ़ गई है। धमतरी मंडी के प्रभारी सचिव संजीव वाहिले ने बताया कि मंडी में इन दिनों लगभग आठ से दस हजार क्विंटल धान की आवक हो रही है। धान की अच्छी कीमत मिलने से किसान खुश हैं। आईआर 64 का दाम 1960 से 2082 रुपए प्रति क्विंटल का भाव चल रहा है। मंडी में 1010 धान 1901-2055, सरना 2029 से 2096 रुपए, ओमश्री 2299 से 2395 रुपए तथा आरबी गोल्ड 2185 से 2220 रुपए का रेट चल रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा राज्यों के लिए धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान के लिए 2160 रुपए और ए ग्रेड धान के लिए 2180 रुपए घोषित किया गया है। मंडियों में इससे अधिक कीमत पर धान बिकने से किसान खुश हैं।



### प्रतिदिन आ रहा 30-40 हजार कट्टा

भाटापारा मंडी के सचिव शत्रुघ्न लाल वर्मा ने बताया कि भाटापारा मंडी में धान की अच्छी आवक हो रही है। प्रतिदिन 30 हजार से 40 हजार कट्टा धान की आवक होने से मंडी परिसर में काफी चहल-पहल है। मंडी के बाहर 150 से अधिक गाड़ियां रोज धान लेकर पहुंच रही हैं। व्यापारियों द्वारा सौदा पत्रक के माध्यम से किसानों का धान खरीदा जा रहा है। यहां पर महामाया धान का 2300 रुपए तक रेट मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। मोटा धान की भी 2000 रुपए से अधिक कीमत मिल रही है।

### व्यापारी कर रहे खरीदी

मंडियों में प्रतिदिन व्यापारी धान की खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। पोहा बनाने के लिए मोटा और अन्य उपयोग के लिए पतले धान की खरीदी क्वालिटी के हिसाब से की जा रही है। सूखे धान की कीमत अधिक मिल रही है। गर्मी के दो माह तक रबी के धान की बिक्री मंडियों के माध्यम से होती है।

### हमालों और रेजा के चेहरे खिले

मंडी में पर्याप्त धान आने के कारण यहां कार्यरत हमाल, मजदूर, रेजा के चेहरे खिले हुए हैं। पर्याप्त काम मिलने से उनकी रोजी-रोटी अच्छी तरह चल रही है। फसल कटाई के बाद मंडी में प्रतिदिन हजारों कट्टा धान की आवक हो रही है। अच्छा भाव मिलने से किसान खुश हैं। मंडी में कार्यरत अधिक मजदूरों, हमालों व रेजा को पर्याप्त काम मिल रहा है।

# लोकसभा चुनाव के चलते शासकीय सेवकों की सीआर लिखने की समयावधि एक माह बढ़ाई

## 30 अप्रैल से सीआर तैयार करने की प्रक्रिया अब 30 मई से 15 जुलाई तक पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने समयावधि में वृद्धि की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते इसे एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 15 जुलाई तक राज्य शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखी जा सकेगी।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रियाधीन होने के कारण शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के लिए निर्धारित समयसीमा में बढ़ोतरी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारी संलग्न हैं। ऐसी स्थिति में शासकीय सेवकों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली समयसीमा में लिखे जाने में



व्यावहारिक कठिनाई हो रही है। अतः वर्ष 2023-24 के लिए इसकी समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करने की तिथि 30 मई, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 जून, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 30 जून और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है।

राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की सीआर तैयार करने का कार्यक्रम हर साल 30 अप्रैल तक सेल्फ अससेमेंट, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 मई, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 31 मई और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जून तक पूरा किया जाना था। चुनाव के चलते इसे पूरा करना संभव नहीं था। ऐसे में जीएडी ने इसे एक माह आगे बढ़ा दिया है।

### सीआर के आधार पर होती है पदोन्नति

छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति व समयमान-वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावली समय पर अधिकारी के मतांकन के आधार पर ही मिलता है। किसी कारण से यह पूरा नहीं होने के कारण इसमें देर होती है। हर साल इसकी प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाता है। फिर भी कई विभागों में समय पर पूरा नहीं होने के कारण कई विभागों में पदोन्नति और समयमान के प्रकरण लंबित रह जाते हैं।

# पीएससी की जांच के डर से लोग हो रहे गायब, एक-एक को देना पड़ेगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, पीएससी की जांच के डर से कई लोग गायब हो रहे हैं। कुछ के तो देश भी छोड़ने की बात सामने आ रही है। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक को हिसाब देना होगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को धोखा देने का काम किया है। सीबीआई जांच में सारा सच सामने आ जाएगा।



चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, पीएससी की सीबीआई जांच को केंद्र सरकार ने नोटिफाई कर दिया है। अब इसकी पूरी जांच होगी। कांग्रेस सरकार में इस मामले में क्या-क्या गड़बड़ी हुई है, इसका पूरा खुलासा होगा। जो भी इस मामले के दोषी हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक दोषी को हिसाब देना होगा। व्यापारियों को जीएसटी विभाग के नोटिस पर उन्होंने कहा, यह सामान्य प्रक्रिया है। ईमानदार टैक्स पेयर को सुविधा हो सके, यह प्रयास है। टैक्स पेयर के पैसे से देश आगे बढ़ेगा। अब भर्तियों के लिए वित्त विभाग की अनुमति वाले मामले में उन्होंने कहा, भर्तियों का डाटा उपलब्ध हो सके, भर्तियों में अनुशासन बना रहे, इस दृष्टि से सामान्य प्रक्रिया के तहत आदेश निकला गया है।

मंत्री पद के लिए कांग्रेस के बयान एक अनार सौ बीमार पर श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। भाजपा में किसी पद के लिए भगदड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये दूसरे पर सवाल उठाते हैं, जो हास्यास्पद है।

# राज्य पात्रता परीक्षा के लिए व्यापमं आज लेगा आवेदन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा के लिए 13 मई से आवेदन प्रारंभ किए जाएंगे। इसके लिए व्यापम द्वारा पूर्व में ही अधिसूचना जारी की जा चुकी है। 21 जुलाई को होने वाली इस परीक्षा के लिए आवेदन 9 जून तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में त्रुटि सुधारने के लिए 10 से 12 जून तक का समय मिलेगा। जारी अधिसूचना के अनुसार, परीक्षा 21 जुलाई को आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती तथा तमाम जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त करने के लिए आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक शिक्षा मंडल द्वारा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

### 8 जिलों में बनाए जाएंगे सेंटर

पहली पाली सुबह 10 बजे से 11 बजे तक होगी और इसमें पेपर-1 का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4.15 तक दूसरी पाली में पेपर-2 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एग्जाम सेंटर अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर और जशपुर में बनाए जाएंगे। इसी अवधि के दौरान ही उम्मीदवारों को निर्धारित परीक्षा शुल्क 700 रुपए का भुगतान भी करना होगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए शुल्क में पूरी छूट है। केवल दूसरे राज्य के निवासियों से ही यह शुल्क लिया जाएगा।

# सरकारी डॉक्टरों को आवास आवंटित, शिफ्टिंग धीमी, तीन महीने में पहुंचे दो परिवार, छह का अता-पता नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आवश्यक सुविधाएं जुटाने के बावजूद जिला अस्पताल में बनाए गए शासकीय आवासों में डॉक्टरों की शिफ्टिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। तीन महीने में यहां केवल दो परिवार ही शिफ्ट हो पाए हैं, जबकि आवंटन आठ डॉक्टरों को किया गया है। जिला अस्पताल में आवास सुविधा देने की योजना कोरोना के पहले बनाई गई थी।

योजना के तहत निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। महामारी की वजह से इसका निर्माण काफी विलंब से हुआ और कुछ जरूरी सुविधाएं नहीं होने तथा आवंटन प्रक्रिया धीमी होने की वजह से यहां डॉक्टरों ने रहना शुरू नहीं किया था। जानकारी के अनुसार आवास से संबंधित अधूरी सुविधाओं को पूरा करने के बाद पिछले कुछ महीने से यहां चिकित्सकीय स्टाफ ने रहना शुरू किया है, मगर अभी छह परिवारों की

### कोरोना के पहले बनी थी जिला अस्पताल में शासकीय क्वार्टर देने की योजना

शिफ्टिंग यहां बाकी है, जिसमें कुछ अधिकारी स्तर के डॉक्टर भी शामिल हैं। आवास निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी ने उसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, मगर वहां बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम बाकी रह गया था। आपत्ति और पत्र व्यवहार के बाद इसे पूरा किया गया तथा समस्याओं का समाधान हो गया। आवास का आवंटन सीएमएचओ सहित जिला अस्पताल में सेवा देने के वाले अन्य चिकित्सकों को किया गया है।

वहां आवास का निर्माण चिकित्सकों के लिए किया गया, मगर आवंटन अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को भी कर दिया गया था। इस मामले को लेकर भी उस दौरान काफी आपत्तियां आई थीं। चर्चा ये थी कि शासकीय आवास की सुविधा लेने के लिए विभिन्न स्तर पर सिफारिश भी लगाई गई थी। इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की चौबीस घंटे उपस्थिति है। अभी अलग-अलग स्थानों पर रहने की वजह से इमरजेंसी के दौरान एक साथ पहुंचने में विलंब हो जाता है। वर्तमान में ओपीडी के बाद सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं और अस्पताल कुछ कंसल्टेंट और जूनियर डाक्टरों के भरोसे रह जाता है।

### हो रही शिफ्टिंग

आवंटित आवासों में चिकित्सकों को शिफ्ट होने कहा गया है, इनमें कुछ परिवार आ चुके हैं। डॉक्टरों की अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे मौजूदगी ही आवास निर्माण का उद्देश्य है।

**- डॉ. एसके भंडारी,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

# सट्टा खिलाने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा, रकम वापस मांगी तो मिली धमकी, परेशान होकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा देकर रकम लेने, रकम वापस मांगने पर धमकी देने से परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। खुदकुशी करने वाले युवक के भाई ने, जिसने उसके भाई से रकम उधार ली थी, उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक का एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने उधार लेने वाले पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सिविल लाइंस पुलिस ने मामले की पड़ताल करने के बाद उचित कार्रवाई करने की बात कही है। युवक की खुदकुशी के बाद से आरोपी फरार है।

पुलिस के मुताबिक शंकरनगर सेक्टर-2 में रहने वाले संदीप बग्गा ने खुदकुशी की है। संदीप ने चार दिन पूर्व जहर सेवन किया था, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। उपचार के दौरान संदीप की रविवार तड़के मौत हो गई। मृतक संदीप के भाई प्रदीप बग्गा के मुताबिक, उनके भाई ने एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें उल्लेख किया है कि नितेश मित्तल उर्फ नितेश गुप्ता ने उससे महादेव सट्टा एप संचालित करने एक वर्ष पूर्व 10 लाख रुपए लिए थे। नितेश ने संदीप को 10 लाख रुपए के एवज में 13 से 16 लाख रुपए तक देने की बात कही थी। सुसाइड नोट में संदीप ने लिखा है कि संदीप जब नितेश से पैसे वापस मांगने लगा तो नितेश उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी देता था।

### फर्जी केस में फंसाने का आरोप

संदीप के भाई प्रदीप के मुताबिक पिछले वर्ष उनके भाई की पत्नी ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद नितेश ने उन्हें तथा उनके भाई के खिलाफ थाने में आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने झूठी शिकायत दर्ज कराकर जेल भिजवाया था। कोर्ट ने इस केस में मार्च में उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें बरी कर दिया। प्रदीप के मुताबिक झूठी शिकायत की वजह से वे दोनों भाई जेल भी गए।



बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024 | बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी | वर्ष : 24, अंक : 50 | पृष्ठ : 10+6 = 16, मूल्य : 4.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

*अब तक 60 प्रतिशत तक सूख गए तालाब, मानव-मवेशी और वन्यप्राणी के जीवन में गहराया भीषण जल संकट*



अलग खबर

# 75 करोड़ से अधिक की लागत से खोदे तालाब लेकिन नहीं की पानी के भराव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भीषण गर्मी के कारण तालाब, नदियां और अन्य जल स्त्रोत सूखने की कगार पर है। हालत यह है कि गरियाबंद के मैनपुर इलाके में करीब 60 प्रतिशत तालाब सूख चुके हैं। विभागीय अफसरों का कहना है कि मनरेगा के तहत यहां 74 करोड़ से अधिक की लागत से 420 तालाब का निर्माण किया गया, लेकिन इसमें पानी कहां से आएगा, इसके लिए कोई योजना ही नहीं बनाई गई। वहीं, वन विभाग के अफसरों का कहना है कि तालाब, नदियों के सूखने की वजह से वन्य प्राणी गांव की तरफ आ रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हैंडपंप भी हो गए खराब

ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब ही निस्तारी की समस्या को पूरा कर पाता है, ऐसे में तालाबों में जलभराव व निस्तारी की समस्या के लिए वैकल्पिक उपाय नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न होगी। मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई का साधन नहीं है। जिससे सूख चूके तालाबों में पानी भरा जा सके, पहले इंदरा गांव गंगा योजना के तहत गांवों तालाबों को पानी भरने के लिए तालाबों के किनारे ट्यूबवेल लगाया गया था, लेकिन अब यह सभी तालाबों में बंद पड़ा हुआ है। मैनपुर में 40-50 ग्रामों के तालाब को भरने हैंडपंप बहुत पहले लगाया गया था, जो पूरी तरह बंद है।

*गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश तालाबों का पानी सूख चुका है*



### क्या कहते हैं अधिकारी

जनपद पंचायत मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर ने बताया तालाब निर्माण से पहले स्थल चयन किया जाता है। मैनपुर क्षेत्र में मेरे आने के बाद 2021-22 से 2023-24 तक 420 तालाब, डबरी का निर्माण कार्य किया गया है। जिसकी लागत 17 करोड़ 45 लाख रुपए से ज्यादा है। तालाब निर्माण के बाद इसमें पानी भरने के लिए कोई योजना नहीं है।

### गांव के आसपास आ रहे वन्य प्राणी

निश्चित रूप से तेज धूप और गर्मी से जंगल के भीतर अधिकांश नदी नाले और तालाब सूख चुके हैं। गर्मी के दिनों में तालाब पोखर नदी नाले सूखने के कारण वन्य प्राणी गांव के आसपास आ रहे हैं। उदंती अभ्यारण में नदी में कई स्थानों पर झरिया खुदाई किया गया है, जिससे वन्य प्राणियों को पानी उपलब्ध हो पाये अन्य क्षेत्र के जंगलों में भी झरिया खुदाई किया जाना चाहिए।

- वरुण जैन, उप निदेशक, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईजीपी सीआईडी को अवमानना नोटिस

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने आदेश का पालन नहीं करने पर पीएचक्यू आईजीपी सीआईडी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता कृष्णा प्रसाद ठाकुर सीआईडी शाखा में हेडकांस्टेबल के पद में पदस्थ थे। उनके खिलाफ वेतन विसंगति पर वसूली आदेश जारी किया गया। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने वसूली पर इस ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एसयूवी ने दो बाइक को मारी टक्कर, 4 की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में एसयूवी ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर राणापुर पुलिस थाना क्षेत्र के कुंडापुरा गांव के पास हुई।



### बुजुर्ग दंपति का शव मिला, हत्या का अंदेशा

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के देवा थाना इलाके में एक मकान से बुजुर्ग दंपति का शव बरामद किया गया है। दोनों के शव बुरी तरह सड़ चुके थे और उनके सिर पर चोट के निशान हैं। बदायूं जिले के मूल निवासी माजिद हुसैन वारसी (65) गद्दों का व्यापार करते थे।



### तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले स्थित तालाब में दो किशोरों की नहाते समय डूबकर मौत हो गई। सुबह लगभग आठ बजे कोतवाली क्षेत्र के सदरपुर गांव के बलवंत (13) और शिवा (14) गांव में स्थित तालाब में नहाने गए थे।



प्रधानमंत्री कल तीसरी बार वाराणसी से दाखिल करेंगे लोकसभा के लिए नामांकन

# पीएम मोदी के नामांकन में साय समेत 12 राज्यों के होंगे सीएम और 20 केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी सीट से 14 मई को अपना नामांकन करने जा रहे हैं। पिछले दो बार से लगातार रिकॉर्ड मतों से पीएम मोदी ये सीट अपने नाम कर रहे हैं, अब हैट्रिक जमाने के लिए वे फिर इसी सीट से चुनावी मैदान में खड़े हैं। उनके सामने कांग्रेस के अजय राय है, वहीं कुछ दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार भी खड़े हो गए हैं। इसी बीच पीएम मोदी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए वाराणसी में बीजेपी ने खास प्लान तैयार कर लिया है।



14 मई को नामांकन के एक दिन पहले पीएम मोदी वाराणसी में रोडशो करने जा रहे हैं, जो लगभग 5 किलोमीटर का होने वाला है। इस रोडशो को यादगार बनाने के लिए हजारों किलो फूलों से न केवल पूरे रास्ते को सजाया जा रहा है, बल्कि पूरे रास्ते में रोडशो पर पुष्पवर्षा भी होगी। वाराणसी के चौक क्षेत्र के बांसफाटक फूलमंडी ▶▶|शेष पेज 6 पर

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को काशी के कोतवाल कालभैरव का आशीर्वाद लेकर नामांकन करेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत 12 राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही 20 केंद्रीय मंत्री, एनडीए में शामिल दलों के प्रमुख, यूपी सरकार के मंत्री और कई सांसद, विधायक शामिल होंगे।*



- **कालभैरव का आशीर्वाद लेकर पीएम मोदी पुष्य नक्षत्र में करेंगे नामांकन**
- **भाजपा ने एकजुटता दिखाने की कोशिश की, एनडीए के लीडर में रहेंगे मौजूद**

### वाराणसी में आज से ही कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी कार्यक्रम 13 में से शुरू हो जाएगा। सबसे पहले पीएम मोदी सोमवार सुबह 10:00 बजे पटना के गुरुद्वारा जाएंगे, उसके बाद सुबह 10:30 बजे हाजीपुर में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। फिर दोपहर में 12:00 बजे मुजफ्फरनगर, 2:30 बजे सारण में और शाम पांच बजे वाराणसी के लिए रवाना हो जाएंगे। शाम 5:00 बजे वाराणसी में ही पीएम मोदी का एक बड़ा रोड शो भी होने जा रहा है।




### कल भरेंगे नामांकन

14 मई को सबसे पहले पीएम मोदी अस्सी घाट जाएंगे। सुबह 10:15 बजे वे काल भैरव मंदिर में दर्शन के बाद सुबह 11:40 पर अपने नामांकन पत्र दाखिल करने जाएंगे।

### भौम पुष्य नक्षत्र का संयोग

14 मई को अभिजीत मुहूर्त, आनंद योग, सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ ही भौम पुष्य नक्षत्र का संयोग निर्मित हो रहा है। पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने इसे सर्वोत्तम मुहूर्त बताया है।

### चौथे चरण में आज 96 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनावों के चौथे चरण में दस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधान सभा की 175 सीटें और ओडिशा विधान सभा की 28 सीटों पर भी मतदान होगा। इस चरण के दौरान 17.7 करोड़ मतदाता एक लाख 92 हजार मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर 1717 उम्मीदवारों में से अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनेंगे। इस काम में 19 लाख मतदान कर्मचारी लगाए गए हैं। कुल मतदाता में से 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। कुल 17.7 करोड़ मतदाताओं में से 12.49 लाख 85 साल से ज्यादा उम्र के हैं। चुनाव पर निगरानी के लिए 364 ऑब्जर्वर और 4661 उड़नदस्ते हैं। इनके अलावा 4438 स्टेटिक सर्विलेंस टीम भी चुनाव क्षेत्र में होंगी। दस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन चुनाव क्षेत्रों में 1016 अंतर राज्यीय सीमा और 121 अंतर राष्ट्रीय सीमा चेक पोस्ट हैं।

धनेली हत्याकांड

# महिला और प्रेमी को नहीं मिली हाईकोर्ट से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जस्टिस गौतम भादुड़ी एवं जस्टिस संजय एस अग्रवाल की डीबी ने षड्यंत्र कर प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर शव फेंकने व पुलिस को गुमराह करने गुम इंसान कायम कराने के आरोपी पत्नी व उसके प्रेमी की अपील को खारिज कर सत्र न्यायालय से सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को यथावत ▶▶|शेष पेज 6 पर

- **हाईकोर्ट ने कहा- परिस्थितिजन्य साक्ष्य में बेटी का कथन महत्वपूर्ण**

### साक्ष्य मिटाने की पूरी कोशिश की

साक्ष्य मिटाने के लिए आरोपियों ने लाश को थैली में भर कर उसमें भारी पत्थर रखकर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर कुएं से शव, हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, खून लगे कपड़ा व गवाहों के बयान दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। सत्र न्यायालय ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके खिलाफ आरोपियों ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से साबित हुआ अपराध

फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ी जुड़ने के सिद्धांत को देखना चाहिए। इसमे मृतक की पुत्री रानी पिता के लापता होने की बात अपने चाचा को बताने की कोशिश की तब आरोपी महिला नीरा ने उसे रोक दिया। आरोपी के बताने पर ही पुलिस ने अलमारी में रखी खून लगी साड़ी को जब्त किया है। आरोपी भोजराम द्वारा खरीद कर दिया गया मोबाइल व भोजराम का मोबाइल भी जब्त किया गया है। दोनों के मध्य लगातार हुए बात का काल रिकार्ड व रानी द्वारा लगातार फोन आने की गवाही ने अपराध के कड़ियों को जोड़ा है। इस कारण सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा सही है।

*चुनाव में अब गारंटी का दम*

# पीएम मोदी ने दी पांच गारंटी सीएम केजरीवाल ने दी 10

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच गारंटी दी, इसके बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश को 10 गारंटी दे दी। प्रधानमंत्री रविवार को बैरकपुर पहुंचे। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा बंगाल कभी घुसपैठियों के खिलाफ आंदोलन करता था, आज यहां घुसपैठिए फलफूल रहे हैं। आज बंगाल में बम बनाने की होम फैक्ट्री चल रही है। बंगाल में टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती है। पीएम ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार, टीएमसी सरकार राम नवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट ने भी राम मंदिर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, क्या ऐसे लोगों के हाथ में देश सौंपा जा सकता है क्या?



### मोदी की पांच गारंटी

- जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा
- जब तक मोदी है, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर पाएगा।
- जब तक मोदी है, रामनवमी मनाने से, भगवान राम की पूजा से कोई आपको रोक नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई पलट नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, सीएए कानून को भी कोई रद्द नहीं कर पाएगा।

### केजरीवाल की 10 गारंटी

- देश को फ्री बिजली देंगे।
- सरकारी स्कूल में प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा दी जाएगी।
- देश के हर नागरिक को मुफ्त इलाज दिया जाएगा।
- अग्निवीर योजना बंद कर नौकरी पक्की जाएगी।
- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे।
- एक साल के अंदर 2 करोड़ रोजगार का इंतजाम किया जाएगा।
- दिल्ली और पंजाब की तरह सही मायने में भ्रष्टाचार पर प्रहार किया जाएगा।
- जीएसटी को पीएमएलए से बाहर किया जाएगा।
- दचीन ने कब्जा किया है उसे वापस लिया जाएगा।
- किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर पूरे दाम दिए जाएंगे।

कनाडा पुलिस की कार्रवाई

# निज्जर हत्या मामले में एक और भारतीय गिरफ्तार



**वाशिंगटन/ओटावा।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है। कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं। निज्जर की 18 जून 2023 को हत्या कर दी गई थी।

### हत्या की साजिश पर जुटाई जानकारी

आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा, यह गिरफ्तारी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जारी हमारी जांच की प्रकृति को दर्शाती है। पुलिस ने एक बयान में कहा, आईएचआईटी ने सबूत एकत्रित किए और अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सूचना प्राप्त की।

# देश की सीमाओं पर लगाए जाएंगे मधुमक्खियों के छत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी केंद्रीय अर्धसैनिक और संबद्ध बलों को पश्चिम बंगाल में बीएसएफ इकाई की तर्ज पर सीमा पर मधुमक्खियों के छत्ते लगाने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय अप्रैल में इस संबंध में हुई एक बैठक के दौरान लिया गया था।

**गृह मंत्रालय ने दिए निर्देश**



### 12 लाख कर्मी तैनात

अन्य सीमा प्रहरी बलों के पास सुरक्षा के लिए बाड़ नहीं हैं, लेकिन मॉडल का उपयोग उनकी ड्यूटी की प्रकृति के अनुसार किया जा सकता है। कुल मिलाकर लगभग 12 लाख कर्मियों वाले इन बलों को भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा, नक्सल रोधी अभियान, आतंकवाद रोधी सुरक्षा कार्यों के लिए तैनात किया गया है।




पैकेट बंद सामान के लेबल पर आईसीएमआर का अलर्ट

# फैट से भरे हो सकते हैं शुगर-फ्री फूड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि पैकेट बंद सामान पर खाद्य लेबल भ्रामक हो सकता है। इसने जोर दिया कि उपभोक्ताओं को सामान खरीदते वक्त स्वस्थ विकल्प के लिए उस पर लिखी जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। आईसीएमआर ने यह भी कहा कि 'शुगर-फ्री' होने का दावा करने वाले खाद्य पदार्थ वसा से भरे ▶▶|शेष पेज 6 पर



### ऐसे खाद्य उत्पाद ही प्राकृतिक

एनआईएन ने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि किसी खाद्य उत्पाद को तभी 'प्राकृतिक' कहा जा सकता है, जब उसमें कोई रंग और स्वाद (फ्लेवर) या कृत्रिम पदार्थ न मिलाया गया हो। वह न्यूनतम प्रसंस्करण से गुजरा हो। इसने कहा, इस शब्द (प्राकृतिक) का प्रयोग प्रायः धड़ल्ले से किया जाता है।

### इन पर रहे सावधान

एनआईएन ने कहा, शुगर-फ्री खाद्य पदार्थ में वसा, परिष्कृत अनाज (सफेद आटा, स्टार्च) मिला हो सकता है और बल्कि छिपी हुई शुगर (माल्टीटोल, फ्रुकटोस, कॉर्न, सिरप) हो सकती है। दिशा निर्देशों के अनुसार, विनिर्माता अपने खाद्य उत्पादों के बारे में गलत और अपूर्ण दावे करने के लिए लेबल का इस्तेमाल करते हैं। भारतीयों के लिए आहार संबंधी दिशा निर्देश आईसीएमआर-एनआईएन की निदेशक डॉ. हेमलता आर की अगुवाई वाली विशेषज्ञों की बहु-विषयक समिति द्वारा तैयार किए गए हैं।



बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024
haribhoomi.com




चिंतन

# चीन के साथ व्यापार घाटे को नियंत्रित करे भारत

भारत और चीन का संबंध बहुत ही जटिल है। सीमा विवाद के चलते अदावत भी है और ट्रेड के मोर्चे पर बड़ा साझेदार भी है। भारत चीन के जीडीपी में बड़ा योगदान दे रहा है, फिर भी चीन भारत का हो हरसंभव नुकसान भी कर रहा है। वर्ष 2020 में गलवान की हिंसक सैन्य घटना के बाद भारत में चीनी सामान के बहिष्कार की हवा चली। अनेक संगठनों ने चीन से आयात न करने की कसमें खाईं, यह माना गया कि अगर भारत चीन से आयात नहीं करेगा तो इससे चीन को तगड़ा धक्का लगेगा और चीन के लिए भारत की नाराजगी बर्दाश्त करना आर्थिक रूप से महंगा पड़ेगा, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ खास नहीं हुआ। भारत चीन से आयात करता है। यह आयात समय के साथ बढ़ता ही गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार फिर से बन गया है। इससे पहले अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अमेरिका के साथ व्यापार फिर भी संतुलित है, जिसमें भारत अधिक निर्यात कर रहा है, और कम आयात कर रहा है, लेकिन चीन के साथ व्यापक स्तर पर व्यापार घाटा है। भारत बहुत अधिक चीन से आयात कर रहा है और बहुत कम चीन को निर्यात कर रहा है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 को ही लें, तो भारत और चीन के बीच 118.4 अरब डॉलर का आपसी व्यापार हुआ, जिसमें चीन से भारत का आयात 3.24 प्रतिशत बढ़कर 101.7 अरब डॉलर हो गया, वहीं चीन को भारत का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 16.67 अरब डॉलर हो गया। यानी चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा करीब 85 अरब डॉलर का है। यह बहुत बड़ा असंतुलन है। इस असंतुलन को ठीक करने की जरूरत है। या तो भारत चीन से आयात कम करे और अपनी आपूर्ति के लिए नया विकल्प तलाशे, या फिर भारत चीन को आयात बढ़ाने के लिए बाध्य करे। भारत और चीन के बीच व्यापार असंतुलन कई दशकों से है। भारत सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यह सही है कि आज दुनिया ट्रेड संजाल में आपस में गुंथी हुई है, पर भारत को अपने हितों का ध्यान रखना होगा। भारत को चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए ट्रेड कूटनीति का इस्तेमाल करना चाहिए। आज हजारों चीनी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं। यही स्थिति भारतीय कंपनियों के लिए भी चीन में होनी चाहिए। भारत का चीन को अयस्क, सूती धागा/कपड़े/मेडअप, हथकरघा, मसाले, फल, सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है। भारत चीन से इलेक्ट्रॉनिक सामान, न्यूक्लियर रिएक्टर्स, बॉयलर, ऑर्गेनिक केमिकल, फर्टिलाइजर, गाड़ियों से जुड़ा सामान, केमिकल प्रोडक्ट्स, आयरन एंड स्टील, आयरन एंड स्टील का सामान और एलुमिनियम आदि का आयात करता है। भारत का चीन व अमेरिका के साथ व्यापार के आंकड़े में मामूली अंतर है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के आंकड़ों के मुताबिक, भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.3 अरब डॉलर रहा है। 2021-22 और 2022-23 में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात देश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। अर्थव्यवस्था की गति के लिए जरूरी है कि भारत का वैश्विक ट्रेड लगातार बढ़ता रहे, लेकिन चीन के साथ इतने बड़े व्यापार असंतुलन को नियंत्रित किए जाने की जरूरत है।

सारा संसार



हिमाचल प्रदेश में चामुंडा देवी का यह पहाड़ी मंदिर, 51 शक्ति पीठों में से एक, जो बानेर नदी के तट पर पश्चिम पालमपुर की ओर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है। यह हिमाचल के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों में से एक है। चामुंडेश्वरी देवी को देवी दुर्गा के सबसे शक्तिशाली अवतारों में से एक कहा जाता है। इस मंदिर का खास त्यौहार नवरात्रि है, जहां हजारों की संख्या में भक्त यहां दर्शन करने के लिए आते हैं।

विशेष
डॉ.शंकरलाल शास्त्री



# प्रेरक शक्ति स्वरुपा है मां

मां ही वह प्रेरक शक्ति स्वरुपा है, जो अपनी संतति के लिए सदा न जाने कितने ही कष्ट सहकर भी उफ़ तक नहीं रहती। मुझे याद आती हैं वे दशकों पुरानी दर्द भरी स्मृतियां जब हम छोटी कक्षाओं में पढ़ा करते थे। घर में बचे थोड़े से अनाज से हमें खाना खिलाकर मां स्वयं भूखी सो जाती। एक दिन मां से मैं पूछ बैठा- मां आपने खाना खाया? मां ने कहा - हां बेटा मैंने खाना खा लिया।/" पर सच में मां खाना न खाकर घर के दाएं-बाएं उगे गजरे-बथवे के पत्ते तोड़कर उन्हें उबालकर अपना काम चलाया था। यह प्रसंग तब का है जब मैं महज बारह वर्ष का था तभी पिताजी ने इस कलियुगी दुनिया को अलविदा कह दिया था। ऐसे में मां कभी फूली दादी से तो कभी मौहल्ले की बीनणियों से पैसे उधार लेकर हमारे स्कूल की फीस चुकाती। मां प्रायः कहती-बेटा अपने दुःख -दर्द को कागज पर उतार कर अपना मन हल्का करो। कागज पर उकेरे गए ये शब्दचित्र ही लोगों की प्रेरणा का आधार बनेंगे। ईश्वर को शायद अब कुछ और ही मंजूर था जो शब्द भोजन के लिए हम मां से पूछा करते थे। अपने जीवन के आखिरी शब्दों में जब मां को भोजन की थाली परोसी तब मां ने कहा था - बेटे आप सभी ने खाना खाया। हमने कहा था- हां मां हमने खाना खाया। तब मां ने थोड़ा सा खाना खाया था। ये वे ही शब्द थे जो दशकों पूर्व मां से हमने पूछे थे पर वे ही शब्द मां अपने जीवन के अंतिम पड़ाव के आखिरी शब्दों के रुप में पूछ कर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिकूल स्वास्थ्य और अपनी सांसारिक इहलौकिक यात्रा से पारलौकिक विदाई के कुछ क्षणों पूर्व तक भी अपनी संतति के प्रति मां की स्नेहवृष्टि और ममतामयी छांव की महक मातृस्वरूपिणी पक्ष को प्रगाढ़ करती परिलक्षित हो रही थी। यह उनकी शालीनता की खनकती आवाज ही तो थी।

कौन जानता था कि ये मां के आखिरी शब्द होंगे। सच है मां के चरणों में स्वर्ग है। स्वरचित ये पंक्तियां मां के वैशिष्ट्य को बखूबी दर्शाती हैं - ममता के आंचल में / यादों के झरोखे में /पल-पल जो तेरी यादें /हमें शुभ सीख देती हैं/ प्रेम रस की सुधा वृष्टि / दृष्टि की नई सृष्टि/ मा तेरे चरणों में स्वर्ग है/ मां तेरी हर सीख में एक नया संदेश है। घर में यदि मां है तो समझिए हम स्वर्ग की सैर कर रहे हैं।मातृ वियोग की मनोव्यथा को सहते जो शाब्दिक अभिव्यक्ति दी है इसमें यथार्थता की दर्द भरी मार्मिक प्रेरणास्पद कथाएं चित्रित हैं।

मां का वह स्वरूप जो सदा घर की छत पर कलरव करते और मंडराते पक्षियों के बीच उन्हें कभी दाने डालते तो कभी उनके लिए पानी की व्यवस्था कर प्रकृति प्रेम की अनूठी मिसाल दी है। दादी- नानी के नुस्खों के लिए मशहूर आज भी मां की ममतामयी वह मूरत आंखों के सामने प्रकट हो जाती है। वहीं उनकी किस्सागोई की कला भी परसेवा की अनूठी मिसाल है।

यक़ीनन मां दुनिया की दिव्य शक्ति है तथा हमारी पहली पाठशाला भी। भगवान श्री गणेश ने मातृ-पितृ शक्ति की परिक्रमा कर मातृशक्ति वंदन का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है। मां की सेवा में ही ईश्वरीय सेवा निहित है।

*(लेखक एवं साहित्यकार)*



मतदान
डॉ. भारत

# मजबूर नहीं, बहुमत की बने सरकार

अपने इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस का स्ट्राइक रेट गिर रहा है; दूसरी ओर, पिछले कुछ चुनावों में भाजपा सीटों और स्ट्राइक रेट के मामले में दोनों मोर्चों पर बढ़त का रुझान दिखा रही है। राजग के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है, जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, लेकिन मतदाताओं के सामने प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव 2024 न केवल इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरा लोकसभा चुनाव जीतने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा बनाए गए इतिहास को फिर से लिखने का लक्ष्य रख रहे हैं, बल्कि कुछ आंकड़ों के कारण भी महत्वपूर्ण हैं जो राजनीतिक दलों की भूत और भविष्य की स्थिति को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की बढ़ती राजनीतिक शक्ति और राहुल गांधी द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के प्रयासों के बावजूद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) की बदलती राजनितिक स्थिति रोचक है। इंडिया ब्लॉक के तहत एकजुट विपक्ष निर्णायक संघर्ष में लगा हुआ है क्योंकि भाजपा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए 400 सीटें और स्वतंत्र रूप से 370 सीटों पर कब्जा कर दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाना चाहती है।

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद 283 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से आधे से अधिक पर चुनाव पहले तीन चरणों में समाप्त हो चुके हैं। चौथे चरण का भी आज मतदान है। वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण में 64.58 प्रतिशत मतदान हुआ। तीनों का औसत 65.81 प्रतिशत आता है जो कि उत्साहवर्धक नहीं है। पूर्ववर्ती 'अखिल भारतीय जनसंघ' ने आज से 44 साल पहले भाजपा का गठन किया था। भाजपा ने 1984-1985 के लोकसभा चुनावों में 229 उम्मीदवार, 1989 में 225, 1991-92 के चुनावों में 477, 1996 में 471, 1998 में 388, 1999 में 339, 2004 में 364, 2009 में 433, 2014 में 428 व 2019 में 436 उम्मीदवार उतारे। इस बार भाजपा का 446 सीटों पर चुनाव लड़ने का साध्य है तथा अब तक उसने 424 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। यह छठी बार है जब भाजपा ने 1991, 1996, 2009, 2014 और 2019 के चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक उम्मीदवार उतारे हैं। 2014 के बाद से प्रभावशाली चुनावी नतीजों के साथ, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में है। भाजपा के नेतृत्व व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खिलाफ कड़ी टक्कर देने के लिए, कांग्रेस ने बहुत अधिक उम्मीदवार नहीं उतारकर यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया क्योंकि पिछले दो लोकसभा चुनावों में उसकी जीत का अनुपात इतना उत्साहजनक नहीं रहा है। कांग्रेस ने पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 में 479, 1957 में 490, 1962 में 488, 1967 में 516, 1971 में 441, 1977 में 492, 1980 में 492, 1984 में 491 उम्मीदवार उतारे। 1991 में कांग्रेस ने 487, 1996 में 529, 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440 और 2014 में 464 सीटों पर चुनाव लड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 421 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।



उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2004 में 145, 2009 में 206, 2014 में 44 और 2019 में 52 सीटें जीतीं।


कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 328 उम्मीदवार उतारे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई 101 सीटों को 2024 के आम चुनावों में इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों को दे दी गई है। अपने इतिहास में सबसे कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस का स्ट्राइक रेट गिर रहा है; दूसरी ओर, पिछले कुछ चुनावों पर एक नज़र डाले तो भाजपा सीटों और स्ट्राइक रेट के मामले में दोनों मोर्चों पर बढ़त का रुझान दिखा रही है। राजग के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है, जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडिया ब्लॉक के गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर 'मजबूर सरकार' के लिए हो? लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है। अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं, परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है, भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल? मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है, उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है, यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को सूर्यास्त तक वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा। लेकिन लोग बहुमत की सरकार जरूर चुनेंगे।

(लेखक वरिष्ठ विधि व्याख्याता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

# भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

अंतर्मन




आज की पाती


## पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम

हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति परोपकार की शिक्षा देती है। प्राणी जाति की सेवा हमारा परम धर्म होना चाहिए। मानव जाति के साथ अन्य जीवों की सेवा करना भी सबसे बड़ा कर्तव्य होना चाहिए। प्राणी जाति को गर्मियों में सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत पड़ती है, वो है पानी। हमने आधुनिक भौतिक सहूलियतों को पाने के लिए ऐसे ऐसे काम करने शुरू किए हैं जो पानी के प्राकृतिक संसाधनों पर भी भारी पड़ रहे हैं और इस कारण हमें गर्मियों में कभी-कभी देश के कुछ राज्यों में पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। इनसान तो फिर भी कोई न कोई बंदोबस्त करके पानी का इंतजाम करके अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन पक्षियों के लिए खुद पानी का इंतजाम करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन है।

*- रमेश तिवारी, रायगढ़*

करंट अफेयर

# रीता शेरपा ने 29 वीं बार एवरेस्ट पर की फतह



नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार, अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के 'सेवन समिट ट्रेक्स' के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वतारोही शामिल हुए थे। उन्होंने रविवार की सुबह एवरेस्ट फतह किया। 'सेवन समिट ट्रेक्स' ने एक बयान जारी कर बताया, 'कामी सहित सेवन समिट ट्रेक्स के कम से कम 20 पर्वतारोहियों ने रविवार सुबह माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की।' पर्वतारोही दल में नेपाल के 13 पर्वतारोहियों के अलावा शेष अमेरिका, कनाडा और कजाकिस्तान से थे। कामी ने 1994 में पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। पिछले साल उन्होंने एक ही सीजन में 27वीं और 28वीं बार एवरेस्ट फतह किया था और इस तरह वह एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले शख्स बन गये थे।

ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

ट्रेंड

## विकसित भारत देना चाहता हूं



हमारे पूर्वजों ने 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष किया है। टीएमसी और कांग्रेस वालों, अपने पूर्वजों के त्याग, तपस्या और बलिदान का तो अपमान मत करो! परिवार का मुखिया जैसे अपने बच्चों के लिए कुछ छोड़कर जाना चाहता है। वैसे ही मैं भी विकसित भारत बनाकर देना चाहता हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## अंतरराष्ट्रीय प्रयास की जरूरत



मैं सूडान में चल रहे युद्ध को लेकर बहुत चिंतित हूं। अंततः, हम जानते हैं कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। हमें एक राजनीतिक प्रक्रिया प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता है जो देश को वापस पटरी पर ला सके।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

## तब वे मौन क्यों हो गए



नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि मैं शबरी का पुजारी हूं। मोदी जी ने सैकड़ों शबरियों का अपमान क्यों होने दिया? जब उनकी अस्मिता पर हमले हुए, तब अपना मुंह क्यों बंद रखा? हाथरस, उन्नाव, ओलंपिक विजेता बहनें जब न्याय की गुहार लगा रही थीं, तब वे मौन क्यों हो गए?

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

## आत्मविश्वास बढ़ाएं



हर दिन कुछ ऐसा करके अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं जिससे आप डरते हैं - एक साहसिक निवेश करें, एक कठिन व्यायाम दिनचर्या करें, एक जटिल किताब पढ़ें, एक नई भाषा बोलने का प्रयास करें, एक पेचीदा पहेली को हल करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

12- MAY- COR- MAIN- Pg- 5 RAJDHANI_Layout 1 5/12/2024 10:05 PM Page 1



### पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजन

# 'आयाम ऊंची उड़ान का' 18 को, प्रशासनिक सेवा के प्रतिभागियों से सीधे संवाद करेंगे अफसर, सम्मान भी

### 2011 से 2024 बैच के अखिल भारतीय सेवा संवर्ग के अधिकारी करेंगे युवाओं से सीधे संवाद




हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे स्थानीय युवाओं के लिए 'आयाम ऊंची उड़ान का' कार्यक्रम का आयोजन 18 मई को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस आयोजन में अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक, पुलिस, वन व अन्य संवर्गों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर प्रतिभागी अपनी तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही यूपीएससी में चयनित युवा भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों को निर्धारित लिंक पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक सेवा से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े स्थानीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने 'आयाम ऊंची उड़ान का' कार्यक्रम का आयोजन 18 मई को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्ष 2011 से 2024 तक चयनित आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य संवर्गों के अफसरों को जिला प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। ये अधिकारी स्थानीय युवाओं को बदलते ट्रेंड, अध्ययन सामग्रियों की उपलब्धता, विषय चयन, प्रारंभिक, मेन्स व साक्षात्कार, भाषागत चुनौतियों के साथ ही तैयारियों की व्यवस्थित शुरुआत के संबंध में सभी जरूरी टिप्स देंगे।

#### बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों का सम्मान

इस दौरान मेधा सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साथ ही 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले स्थानीय विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नालंदा परिसर, तक्षशिला, सेंट्रल लाइब्रेरी, स्थानीय संस्थानों में अध्ययनरत युवा प्रतिभागियों के साथ ही इस बार उनके अभिभावक भी शामिल हो सकेंगे और प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़े अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त कर सकेंगे। पंजीयन के लिए लिंक से संबंधित क्यू-आर कोड भी जारी किया गया है, जो जिला प्रशासन रायपुर, नगर निगम रायपुर व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे फेसबुक, ट्विटर-एक्स, इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को शनिवार 18 मई को दोपहर 3.30 बजे तक पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पहुंचकर अपना स्थान सुनिश्चित करना होगा।

### एजेंसी नहीं मिली तो जिम्मेदार अफसरों ने ठंडे बस्ते में डाल दी योजना

# रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे

### मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल के 15 स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तो बनवा दिए, लेकिन इसका संचालन तीन साल में भी शुरू नहीं किया जा सका है। पब्लिक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है, अब बिना उपयोग के ये प्रसाधन कक्ष कबाड़ हो रहे। मंडल के अधिकारी बदल गए, लेकिन कोई भी पब्लिक टॉयलेट शुरू नहीं करा पाया। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दी थी, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक टॉयलेट बनाने पर 8 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पुरुषों-महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा रैंप भी बनाया गया है।

जोन एवं मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए दो साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए रेलवे ने अभी तक केवल एक बार ही टेंडर जारी किया। 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए थे, लेकिन इनके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। छोटे स्टेशनों के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं किया गया है।

#### खराब हो रही मशीन, मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। दो साल से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप पर लगे टाइल्स टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।

#### इन स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट

सीएसआर फंड से रायपुर, सरोना, कुम्हारी, दुर्ग, हथबंद, सिलयारी, तिल्दा, बिल्हा, ए. केबिन, भाटापारा समेत अन्य स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट बनाए गए हैं, जिसमें केवल दुर्ग में ही इसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अन्य जगहों पर रेलवे संचालन के लिए एजेंसी ही नहीं ढूंढ पाया है।

#### जल्द शुरू करेंगे

सीएसआर फंड से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर बने पब्लिक टॉयलेट का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। पूर्व में भी संचालन के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई एजेंसी या कंपनी सामने नहीं आई। अब फिर से प्रयास किया जाएगा, ताकि पब्लिक टॉयलेट की सुविधा लोगों को मिल सके।

– **अवधेश कुमार त्रिवेदी**, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल

### भाजपा पार्षदों समेत कुछ एमआईसी मेंबर भी चाहते हैं जनता ही चुने शहर का मुखिया

# नगरीय निकायों में सीधे जनता ही चुने महापौर, उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद नवंबर-दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यह चर्चा छिड़ी है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष से लेकर भाजपा पार्षद जहां मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के पक्ष में हैं, वहीं शहरी सरकार के कुछ एमआईसी मेंबर भी खुलकर कहने लगे हैं कि शहर का मुखिया चुनने का अधिकार आम जनता को होना चाहिए। इससे महापौर मजबूत रहता है। हरिभूमि ने इस विषय पर सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी।

#### जनता द्वारा महापौर चुनना बेहतर पद्धति : ज्ञानेश

वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का कहना है, शहर की जनता द्वारा महापौर को चुना जाना बेहतर पद्धति है, वे इसके पक्ष में हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव में आम जनता द्वारा जब महापौर चुना जाता है, तब ऐसा महापौर अधिक स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। वहीं अप्रत्यक्ष तरीके से महापौर का चुनाव होने पर कभी-कभी पार्षदों के अनियंत्रित दबाव में महापौर को काम करने में तकलीफ होती है। पार्षदों को खुश करने के चक्कर में शहर का विकास प्रभावित होने का डर बना रहता है। हालांकि महापौर चयन की दोनों प्रणाली का अपना महत्व है, पर इसमें कुछ खामियां भी हैं। पार्षदों को शहर के विकास के मतलब है, इसलिए महापौर की जिम्मेदारी पूरे रायपुर शहर की जनता के प्रति होनी चाहिए।

#### सीधे तौर पर मेयर का चुनाव स्वागतयोग्य : नागभूषण

वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव की दो टूक राय है, सीधे तौर पर महापौर का चुनाव स्वागतयोग्य है। जनता के माध्यम से चुना गया महापौर ज्यादा मजबूत होता है, जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली में जब पार्षद शहर का महापौर चुनते हैं, तब वे दबाव में रहते हैं। जबकि प्रत्यक्ष प्रणाली से चयन होने पर महापौर आत्मविश्वास से भरपूर रहते हैं, पार्षद उन पर दबाव नहीं बना सकते। वैसे महापौर चुनाव की दोनों ही व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

#### वर्तमान प्रणाली ही उचित : मेनन

एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन का कहना है, प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव होने पर बड़े और रसूखदार लोगों को मेयर बनने का मौका मिलता है, गरीब एवं लायक उम्मीदवार की काबिलियत धरी रह जाती है। इसलिए पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करने की वर्तमान प्रणाली उचित है। पार्षदों के बीच से ही महापौर चुना जाना चाहिए।

पार्षद ही चुनें शहर का मुखिया : सतनाम
निगम के जल विभाग के अध्यक्ष सतनाम पनाग कहते हैं, जिस तरह लोकसभा और विधानसभा में प्रक्रिया के तहत नेता चुना जाता है। उसी तर्ज पर निगम के चुनाव में पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करना ही उचित होगा। इसमें पार्षदों के पास ये ताकत रहती है कि उनके द्वारा चुना हुआ महापौर ठीक से काम नहीं कर रहा तो उसे प्रस्ताव लाकर हटा सकते हैं। वहीं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने कहा है, जनता द्वारा चुने गए पार्षदों को अपना मुखिया चुनने का अधिकार होना चाहिए।

#### जनता ही चुने महापौर : मीनल

राज्य बनने से पहले और उसके बाद 4 मौके ऐसे आए, जब महापौर का चुनाव जनता के वोट से हुआ। यह प्रणाली बिलकुल सही है। शहर की जनता का यह अधिकार हो कि वह शहर के प्रथम नागरिक को अपने स्वविवेक से चुने। पूर्व में ऐसी व्यवस्था रही है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह व्यवस्था बदली, जो कि गलत है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है, महापौर किसी एक वार्ड का नहीं होता, वह पूरे शहर का मुखिया होता है। इसलिए शहर की जनता के प्रति उसकी जवाबदेही रहती है। हमारी पार्टी की यह व्यवस्था रही है, इस बार भी जनता को ही शहर का महापौर चुनने का अधिकार मिले।

#### प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में : प्रमोद

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू का कहना है, आम जनता को ही महापौर चुनने का अधिकार हो। जनता अपनी इच्छा से महापौर का चयन करे। राज्य सरकार से मांग करेंगे कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर चुनाव की व्यवस्था दी जाए।





हरिभूमि
रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# पीएम मोदी, राहुल, अखिलेश, कन्हैया, मेनका सहित कई दिग्गज खुद को नहीं दे पाएंगे अपना वोट

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी और अखिलेश यादव समेत कई ऐसे नेता हैं जो खुद को अपना वोट नहीं दे पाएंगे। दरअसल ये नेता जहां से चुनाव लड़ रहे हैं वहां की मतदाता सूची में इनके नाम शामिल नहीं हैं। सात मई को तीसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद और अखिलेश यादव सैफई में मतदान कर चुके हैं जबकि राहुल गांधी का नाम दिल्ली की वोटर लिस्ट में है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव में हर वोट बहुमूल्य होता है, लेकिन आज बात करेंगे उन नेताओं की, जो लोकसभा चुनाव 2024 में खुद को ही वोट नहीं दे पाएंगे। इन नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लेकर अमेठी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा तक का नाम शामिल है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। पिछला चुनाव पीएम मोदी ने चार लाख से अधिक मतों से जीता था। मगर वे यहां कभी खुद को वोट नहीं दे सके। इसकी वजह यह है कि पीएम मोदी का नाम अहमदाबाद की मतदाता सूची में दर्ज है। इस बार सात मई को उन्होंने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल अपना मतदान किया था।

### राहुल गांधी



केरल की वायनाड के बाद उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी खुद को अपना वोट नहीं दे पाएंगे। राहुल गांधी दिल्ली के मतदाता हैं। राहुल गांधी का नाम 40-न्यू दिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 705 और भाग संख्या 62 में दर्ज है।

### अखिलेश यादव



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 12 साल बाद कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। अखिलेश यादव कन्नौज में खुद को अपना वोट नहीं दे सकेंगे। दरअसल, सात मई को उन्होंने अपने पैतृक गांव सैफई में मतदान किया। सैफई मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। अखिलेश यादव का नाम जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता सूची में है।

### मेनका गांधी



आठ बार से भाजपा सांसद मेनका गांधी भी खुद को वोट नहीं डाल पाएंगी। इस बार वे सुल्तानपुर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मेनका गांधी का नाम 40- नई दिल्ली विधानसभा की मतदाता सूची में भाग संख्या 63 के क्रम संख्या 248 में दर्ज है।

### यूसुफ पठान



क्रिकेटर यूसुफ पठान को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ उतारा है। यूसुफ पठान का नाम भी उन नेताओं में शामिल है, जो खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। दरअसल, यूसुफ पठान का नाम गुजरात की अकोटा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 1248 और भाग संख्या 135 में दर्ज है।

### कन्हैया कुमार




उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार भी अपने आपको वोट नहीं डाल सकेंगे। कन्हैया कुमार का नाम बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज है। वहीं उनके खिलाफ उतरे भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी खुद को अपना वोट डाल सकेंगे।

### कीर्ति आजाद



बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी कीर्ति आजाद भी खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। आजाद का नाम 48 आंबेडकर नगर दिल्ली की मतदाता सूची में क्रम संख्या 493 और भाग संख्या 138 में प्रविष्ट है।

### शत्रुघ्न सिन्हा




पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। सिन्हा भी खुद को वोट नहीं कर पाएंगे। दरअसल, सिन्हा का नाम बिहार की बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में क्रम संख्या 726 और भाग संख्या 380 में नाम दर्ज है।

### साध्वी निरंजन ज्योति



उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति भी खुद को वोट नहीं दे पाएंगी। निरंजन ज्योति के सामने सपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और बसपा से मनीष सचान हैं। निरंजन ज्योति का नाम 228-हमीरपुर विधानसभा की मतदाता सूची में भाग संख्या 112 और क्रम संख्या 525 में दर्ज है।

### किशोरी लाल शर्मा



कांग्रेस ने इस बार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हैं। खास बात यह है कि किशोरी लाल शर्मा अमेठी में खुद को अपना वोट नहीं कर सकेंगे। दरअसल, किशोरी लाल शर्मा का नाम 63-लुधियाना केंद्रीय विधानसभा में क्रम संख्या 3 और भाग संख्या 163 में दर्ज है।

## सोशल मीडिया

### इंडी गठबंधन की मति भ्रष्ट हो चुकी है', मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केजरीवाल सहित 'इंडिया' गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने एक लंबा पोस्ट एक्स पर किया। जिसमें उन्होंने केजरीवाल और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, आप नेता अरविंद केजरीवाल जी ने जेल से अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद, आज भाजपा के बारे में जिस तरह की अनर्गल बातें की हैं उससे यह साफ दिखने लगा है कि इस चुनाव में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शानदार विजय प्राप्त करने जा रहा है।

### 20 दिन से लापता सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी सामने आए



**सूरत।** कांग्रेस से निलंबित हो चुके सूरत से पार्टी के प्रत्याशी निलेश कुंभानी ने चौंकाने वाले दावे किए हैं। कुंभानी 20 दिन तक लापता रहने के बाद शनिवार रात सामने आए। कुंभानी ने कहा कि कांग्रेस नेता मुझ पर धोखा देने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, पहले कांग्रेस ने ही मेरे साथ विश्वासघात किया। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सूरत के कामरेज विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए मेरा टिकट फाइनल हो गया था लेकिन अंतिम समय में मेरा टिकट काट दिया गया था।

## अब पुष्पा झुकेगा भी, आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज



**नंदयाला।** साउथ हीरो अल्लू अर्जुन की लोकप्रिय फिल्म पुष्पा का एक डॉयलाग बहुत फेमस है कि पुष्पा झुकेगा नहीं, लेकिन आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच अभिनेता अल्लू अर्जुन ऐसे विवाद में घिर गए कि उन्हें अब कानून के सामने झुकना ही पड़ेगा। दरअसल अल्लू अर्जुन के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। अल्लू अर्जुन के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक रवि चंद्र किशोर रेड्डी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। रेड्डी के आवास पर बिना पूर्व अनुमति के एक बड़ी सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की वजह से चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है।

### विधायक रेड्डी ने अल्लू अर्जुन को बुलाया था

दरअसल, रेड्डी ने नंदयाला विधानसभा क्षेत्र में अल्लू अर्जुन को बुलाया। विधायक के समर्थन में अल्लू अर्जुन ने चुनावी सभा में हिस्सा लिया, लेकिन रेड्डी ने इसके लिए चुनाव आयोग से इजाजत नहीं ली थी। चुनाव आयोग ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना। इसे लेकर नंदयाला ग्रामीण के उप-तहसीलदार पी. रामचंद्र राव द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। रामचंद्र राव को चुनाव आयोग ने नंदयाला निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी गतिविधियों की निगरानी का काम सौंपा गया है।

## 'पीएम मोदी ने 4-5 लोगों को दे दी देश की पूरी संपत्ति'



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संपत्ति 4-5 लोगों को सौंप दी। यहां तक कि उन्होंने नोटबंदी भी लागू कर दी, जिससे छोटे व्यवसायों और महिलाओं को बहुत परेशानी हुई। उन्होंने कहा, इन 10 वर्षों में आपकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, लेकिन आपको न्यूज चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। ज्ञात हो कि रायबरेली सिट से कांग्रेस ने राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि यहां से बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा जबकि बसपा ने यहां से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया है। रायबरेली सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है। यहां कांग्रेस से राहुल गांधी और भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह प्रत्याशी हैं।

### पीएम ने कभी भी गांव का दौरा नहीं किया

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने एक बार भी किसी गांव का दौरा नहीं किया या किसी किसान से उसकी समस्याएं नहीं पूछीं। उन्होंने कहा कि मोदी को सिर्फ अपने अमीर मित्रों की चिंता है देश की नहीं।

**कांग्रेस और बीआरएस ने भी एआईएमआईएम की राह में बिछाए कांटे**

# हॉट सीट हैदराबाद : दिलचस्प चुनावी जंग में ओवैसी का सियासी किला दरकाने में जुटी भाजपा

*लोकसभा चुनाव में तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट इतनी महत्वपूर्ण है कि इस पर सबकी नजरे लगी है। जबकि दक्षिण भारत में अपनी पार्टी का विस्तार करने के लक्ष्य में भाजपा का हैदराबाद लोकसभा सीट पर विशेष फोकस है, जहां चार दशक से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम यानी ओवैसी खानदान काबिज है।*

ओ.पी. पाल. ▶▶| नई दिल्ली

इस सीट पर लगातार चार जीत हासिल करने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुदीन ओवैसी पांचवीं बार लोकसभा पहुंचने की तैयारी में है, लेकिन इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बीआरस ने घेराबंदी करके उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर दी है। मसलन इस बार ओवैसी खानदान का सियासी गढ़ दरकता नजर आ रहा है, हालांकि यह तो चुनावी नतीजों से ही तय होगा कि यहां का सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा? तेलंगाना के 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हैदराबाद सीट पर 13 मई सोमवार को चुनाव होगा इस सीट पर 30 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

### भाजपा ने माधवी पर, इंडी ने मुस्लिम पर खेला दांव

भाजपा इस सीट पर अब तक एक भी बार जीत का स्वाद नहीं चख सकी है, इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को चुनौती देने के लिए जहां भाजपा ने हैदराबाद में विरिंची अस्पताल की प्रमुख एवं भारतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना माधवी लता को चुनावी जंग में उतारा है, तो वहीं कांग्रेस पार्टी के मोहम्मद वलीउल्लाह समीर और बीआरएस) के गद्दाम श्रीनिवास यादव को उतारकर मुकाबले को चतुष्कोणीय समीकरण में धकेल दिया है।









### ओवैसी को मुस्लिम मतों के विभाजन का खतरा

माना जा रहा है कि हैदराबाद सीट पर 60 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद ओवैसी के सामने इस बार कड़ी चुनौती पेश आ रही है, इसका कारण भी साफ है कि तेलंगाना में एआईएमआईएम से दोस्ती का बखान करने वाली कांग्रेस ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर मुस्लिम मतों में विभाजन के हालात पैदा कर दिये, जिसका लाभ सीधे भाजपा को मिलने की उम्मीद है।

**सांसद चुनेंगे 2,21,7094 वोटर**

लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे 30 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 2,21,7094 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है, जिसमें 1,12,5 हजार 310 पुरुष, 1,91 लाख ,587 महिला और 107 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर चुनाव आयोग ने 129 से अधिक दिव्यांगो व सीनियर सिटीजन के घर जाकर वोटिंग कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

### 7 विधानसभा में 6 में एआईएमआईएम के विधायक

तेलंगाना के 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हैदराबाद सीट पर 13 मई सोमवार को चुनाव होगा। इस महत्वपूर्ण सीट के दायरे में सात विधानसभा क्षेत्र मलकपेट, कारवां, गोशामहल, चारमीनार, चंद्रयानगुट्टा, याकूतपुरा और बहादुरपुरा सहित सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें गोशामहल विधानसभा सीट पर ही भाजपा का विधायक है, जबकि बाकी छह सीटो पर एआईएमआईएम के निर्वाचित विधायक हैं।

### इन दिग्गजों के बीच चुनावी जंग

तेलंगाना की हैदराबाद सीट पर एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ भाजपा की कोम्पेला माधवी लता, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहम्मद वलीउल्लाह समीर और बीआरएस के गद्दाम श्रीनिवास यादव के बीच मुख्य मुकाबला है। इस सीट पर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से लगातार सांसद हैं। उससे पहले छह बार उनके पिता सुलतान सलाउद्दीन ओवैसी का हैदराबाद सीट पर लगातार कब्जा रहा है। हालांकि इस सीट पर एआईएमईपी की नौहेरा शेख, बसपा के केएस कृष्णा समेत 30 प्रत्याशी चुनावी जंग में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### हैदराबाद सीट का सियासी सफर

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के डॉ. भगवंत राव को 2,82,186 मतों के अंतर से हराकर लगातार चौथी बार लोकसभा में दस्तक दी थी। जबकि यहां सत्तारूढ रही बीआरएस के प्रत्याशी पुस्ते श्रीकांत तीसरे पायदान पर रहे। मौजूदा सांसद असदुद्दीन ओवैसी इस सीट से इससे पहले 2014, 2009 और 2004 का चुनाव भी जीत चुके हैं।

## राहुल ने स्वीकारा मोदी से डिबेट का न्यौता सोशल मीडिया में ट्रेंड हुआ- हू इज राहुल गांधी?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रविवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अचानक हू इज राहुल गांधी? ट्रेंड करने लगा। इसकी वजह भी बेहद दिलचस्प है। दरअसल, राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ ओपन डिबेट करने की चुनौती स्वीकार करने की बात कही। इस पर जहां भाजपा ने पलटवार किया वहीं, सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई और लोग पूछने लगे राहुल गांधी हैं कौन, जो पीएम मोदी से बहस की चुनौती को स्वीकार कर रहे हैं।

तीन हस्तियों ने दिया था ओपन डिबेट का न्यौता देश की तीन जानी मानी हस्तियों सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजीत पी शाह और द हिंदू के पूर्व एडिटर इन चीफ एन राम ने तीन दिन पहले पीएम मोदी और राहुल गांधी को एक मंच पर बहस करने खत लिखा था।

### अमित मालवीय ने भी कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने के बाद राहुल गांधी अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए बेचैन हैं। वह अपनी क्षमता से ज्यादा वजन उठाने में लगे गए हैं। डिबेट करना अच्छा है। लेकिन, दूसरा कोई क्यों नहीं, क्यों सिर्फ सिटिंग पीएम को राहुल गांधी के साथ डिबेट करना चाहिए। ना तो राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष और ना ही इंडी अलाएंस का पीएम फेस।

## संदेशखाली पर झूठ फैलाने से बेहतर है मोदी राज्यपाल को बदलें : ममता बनर्जी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने के बजाय पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बदल देना चाहिए। रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,"प्रधानमंत्री संदेशखाली मुद्दे पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। महिलाएं कोलकाता राजभवन जाने से डरती हैं : प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि कोलकाता के राजभवन में है। महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल के कुछ कार्यों के संबंध में आई खबरों के कारण मैं भी राजभवन में प्रवेश नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को बदल देना चाहिए।" इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों को वापस लेने का जिक्र किया था।

### टीएमसी के 'गुंडे' महिलाओं को डराते हैं : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा,"संदेशखाली में अब एक नया खेल चल रहा है। तृणमूल के 'गुंडे' प्रदर्शनकारी महिलाओं को अपनी शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं, क्योंकि मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां है। तृणमूल कांग्रेस उसे क्लीन चिट देना चाहती है। राज्य सरकार शुरू से ही उसे बचाने की कोशिश कर रही है।"

**लोकसभा चुनाव के बीच राजनेताओं में बयानबाजी का दौर**

# भाजपा की वो नेत्रियां जिनका कॉन्ट्रोवर्सी से है गहरा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच राजनेताओं के बयानबाजी का दौर चल पड़ा है, जहां कुछ बयान आरोप-प्रत्यारोप तक खत्म हो जा रहे हैं तो वहीं कुछ बयान नया विवाद खड़ा कर देते हैं और वर्तमान में विवाद खड़ा भी कर रहे हैं। इस कड़ी में आज हम भारतीय जनता पार्टी की 9 ऐसी महिला नेत्रियों की बात करने जा रहे हैं जिनका कॉन्ट्रोवर्सी से बड़ा गहरा कनेक्शन है। ये ऐसी नेत्रियां हैं जिन्होंने जब भी कोई बयानबाजी की उसके बाद विवाद अवश्य ही खड़ा हुआ है। हालांकि पार्टी ने भी उन्हें कई बार बड़बोला न बनने की समझाइश दी है मगर उसके बाद भी इनके बयानों में कहीं कोई कमी नहीं आई है। बता दें कि बीजेपी की ओर से जब भी ये नेत्रियां कोई भी बयान देती हैं तो एक नया विवाद खड़ा कर देती हैं।

### नूपुर शर्मा



बीजेपी की प्रवक्ता रही नूपुर शर्मा जो की अपने बयानों के चलते राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बनी रहती हैं। साल 2022 में नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर बयान दिया था जिसके बाद देश भर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। वहीं भाजपा ने लगातार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

### बांसुरी स्वराज



भाजपा नेत्री तथा पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज पहली बार चुनावी मैदान में डेब्यू करने जा रही हैं और नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार हैं। बांसुरी दिल्ली में बीजेपी सेक्रेटरी भी हैं और अक्सर विपक्ष के खिलाफ बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जब कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना मैनिफेस्टो जारी किया तो बांसुरी स्वराज ने न सिर्फ घोषणा पत्र को मजाक बताया बल्कि तस्वीरों को दूसरे देश से उठाकर चिपकाने का आरोप भी लगाया जिसके बाद विवाद मच गया था।

### स्मृति ईरानी



अमेठी की मौजूदा सासंद और मौजूदा लोकसभा चुनाव में इसी सीट पर बीजेपी की उम्मीदवार स्मृति ईरानी का नाम भी इस लिस्ट में आता है। स्मृति ईरानी 2014 से ही राहुल गांधी के खिलाफ अटैकिंग मोड में नजर आती रही हैं और उनके बयान अक्सर चर्चा में रहते हैं। वाराणसी को लेकर जब राहुल गांधी ने नशे को लेकर निशाना साधा था तो स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को लपेटे में लेते हुए कहा था कि अगर आप अच्छी परवरिश नहीं दे सकती तो कम से कम धार्मिक स्थलों पर आपत्तिजनक टिप्पणी न करने के बारे में ही समझा दें। इससे पहले जब राहुल गांधी ने सदन में मजाकिया लहजे में आंख मारी थी उस पर भी ईरानी ने उन्हें आड़े हाथ लिया था।

### नवनीत कौर राणा



अमरावती की सीट से बीजेपी की उम्मीदवार नवनीत कौर राणा का हालिया बयान सबसे ज्यादा चर्चा में बना हुआ है जिसमें उन्होंने अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए विवादित और भड़काऊ भाषण का जिक्र किया और कहा कि वो 15 मिनट मांगते हैं और हम कहते हैं कि अगर पुलिस को 15 सेकंड के लिए हटा दिया जाय तो भाइयों का पता नही चलेगा के वे कहां से आए और कहां चले गए।

### कंगना रानौत



बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनीति में एंट्री करने वाली कंगना रानौत हिमाचल के मंडी से चुनावी मैदान में हैं। कंगना की बात करें तो वो राजनीति में आने से पहले से ही अपने बयानों को लेकर चर्चा में रही हैं। टिकट मिलने के बाद उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर वो चुनाव जीत जाती हैं तो फिल्मों को छोड़कर अपने काम पर फोकस करेंगी।

# देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई देगा 12 हजार को नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इस समय बैंक में कर्मचारियों को रखने की प्रक्रिया में है। अपने तिमाही नतीजों के एलान के समय एसबीआई चेयरमैन दिनेश खारा ने यह जानकारी दी थी।

■ आईटी सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

बैंक के चेयरमैन के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 12 हजार कर्मचारियों की भर्ती करने वाली है जिन्हें आईटी सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी और बैंक में अलग-अलग विभागों में भेजा जाएगा।

## बैंक के चेयरमैन ने तिमाही नतीजे के समय दी जानकारी

### बैंक में कर्मचारियों की मौजूदा संख्या

वित्त वर्ष 2023-24 के खत्म होने तक देश के सबसे बड़े बैंक में 2,32,296 कर्मचारी थे जो वित्त वर्ष 2022-23 के 2,35,858 कर्मचारियों की तुलना में कम हैं। लिहाजा बैंक को नए कर्मचारियों की जरूरत है और इसके लिए भर्ती की जा रही है। दिनेश खारा ने बैंक के वित्तीय परिणामों का ऐलान करते समय ये बताया था कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 24 फीसदी बढ़कर 20,698 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।




### एसबीआई ने दिया है तगड़ा डिविडेंड

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 13.70 रुपए के डिविडेंड का भी ऐलान किया है। 31 मार्च 2024 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध एनपीए एक साल पहले के 0.67 फीसदी से घटकर 0.57 फीसदी पर आ चुका है। इसके अलावा चौथी तिमाही में बैंक का राजस्व एक साल पहले के 1.06 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1.28 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

### जानिए बैंक का क्या है हायरिंग प्लान

एसबीआई में करीब 11-12 हजार कर्मचारियों को रखने की प्रक्रिया चल रही है नए भर्ती किए गए लोगों को बैंकिंग की समझ विकसित करने के लिए अवसर दिया जाएगा। इसके बाद बैंक उन्हें एसोसिएट की विभिन्न भूमिकाओं में नियुक्त करेगा।

### कुछ कर्मचारियों को आईटी में रखा जाएगा

नए भर्ती किए गए कुछ लोगों से कुछ को आईटी में भी रखा जाएगा। ये आम कर्मचारी होंगे लेकिन एसबीआई के पास ऐसा सिस्टम है जिसमें एसोसिएट लेवल और अधिकारी स्तर में करीब 85 फीसदी इंजीनियर होते हैं।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी का प्रीमियम संग्रह दशक में सर्वाधिक




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी का अप्रैल में प्रीमियम संग्रह 12,384 करोड़ रुपये रहा जो पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक मासिक संग्रह है। जीवन बीमा परिषद के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए एलआईसी ने कहा कि अप्रैल, 2024 में उसने कुल 12,383.64 करोड़ रुपये का प्रीमियम संकलित किया।

### बीते सप्ताह सुधरी सभी तेल की कीमतें



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के दाम में लगभग 70-80 डॉलर टन की तेजी आने के बाद बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी खाद्य तेलों के दाम में सुधार देखने को मिला। इसके चलते सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

### वेदांता ने किया एवनस्ट्रेट का पूर्ण अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र के दिग्गज अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड ने जापानी ग्लास सबस्ट्रेट विनिर्माता कंपनी एवनस्ट्रेट इंक में अतिरिक्त 46.57 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। एवनस्ट्रेट में वेदांता की कुल हिस्सेदारी बढ़कर 98.2 प्रतिशत हो गई है। यह लेनदेन चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही तक पूरा होने की संभावना है।

## बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बंफर मुनाफा दर्ज

# आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने कमाया 81,000 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 81,000 करोड़ रुपये का बंपर मुनाफा दर्ज किया है।*

तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है।

### कंपनियों ने शेयर बाजार को दी जानकारी

इन कंपनियों ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है।शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है।

### पहले की तुलना में मुनाफा बेहतर रहा

आईओसी ने इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है।




### ऊर्जा बदलाव के लिए 15 हजार करोड़ दिए गए

वित्त वर्ष 2022-23 में हुए नुकसान की वजह से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को उनकी ऊर्जा बदलाव योजना के लिए 30,000 करोड़ रुपये का समर्थन देने की घोषणा की थी। बाद में इस राशि को घटाकर आधा यानी 15,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

- यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की कमाई से कहीं अधिक
- तीनों कंपनियों ने एकल और एकीकृत आधार पर ऊंचा मुनाफा कमाया
- आईओसी ने 39,618 .84 करोड़ रुपए का एकल लाभ कमाया

### बीपीसीएल ने 26673 करोड़ का लाभ कमाया

2021-22 में आईओसी का शुद्ध लाभ 24,184 करोड़ रुपये और 2020-21 में 21,836 करोड़ रुपये रहा था। बीपीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में 26,673.50 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो 2022-23 के 1,870.10 करोड़ रुपये के आंकड़े से कहीं अधिक है।

### देश का 90 फीसदी बाजार तीनों कंपनियां नियंत्रित करती है

यह समर्थन इक्विटी निवेश या राइट्स इश्यू के जरिये दिया जाना था। हालांकि, अभी तक यह समर्थन दिया नहीं गया है। भारत के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार को नियंत्रित करने वाली तीन कंपनियों ने 'स्वेच्छा से' पिछले दो वर्षों से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया।

### वर्ष 2022-23 में हुआ था तीनों कंपनियों को घाटा

कीमतों में बदलाव नहीं करने के चलते उत्पादन लागत अधिक होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान सामूहिक रूप से 21,201.18 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

# मारुति का सीएनजी कारों की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में लगभग तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य भी तय किया है। मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने एक विश्लेषक वार्ता में कहा, सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की लगभग 4.5 लाख इकाइयां बनाईं।

■ सन 2024-25 में बिक्री 30 फीसदी बढ़ाकर छह लाख पहुंचाएगी

### अर्टिगा सीएनजी की मांग बहुत अधिक

भारती ने कहा कि बाजार में अर्टिगा सीएनजी की मांग बहुत अधिक है, जिससे आपूर्ति संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं। निर्यात के बारे में भारती ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य लगभग तीन लाख इकाइयों का निर्यात करने का है।

हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा।कंपनी घरेलू बाजार में वैगनआर, ब्रेजा, डिजायर और अर्टिगा जैसे विभिन्न मॉडलों के सीएनजी संस्करण बेचती है। भारती ने कहा कि कंपनी के हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना लगभग एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## सिप्ला का लाभ चौथी तिमाही में 78% बढ़ा




**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने कहा बिक्री में तेजी रहने से मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 78.7 प्रतिशत बढ़कर 931.87 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की अवधि में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 521.51 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 6,163.24 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,739.3 करोड़ रुपये थी। 2023-24 की चौथी तिमाही में सिप्ला का कुल खर्च 5,153.31 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 4,946.14 करोड़ रुपये था।

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## एलन समानयन में बोले देश के डॉक्टर्स.... कोटा से संभव हुआ सफलता का सफर




बिजनेस प्लस

**कोटा।** मुझे गर्व है कि मैं कोटा में पढ़ा, एलन स्टूडेंट रहा। यहीं से मेरे सपने पूरे होने की शुरुआत हुई। मेरे कॅरियर में एलन का बड़ा योगदान है। कोटा से ही सफलता का सफर संभव हुआ है। अब बदला हुआ एलन और कोटा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। कुछ ही वर्षों में कोटा बहुत बदल गया है।

एलन में 1995 बैच में प्री-मेडिकल स्टूडेंट रहे डॉ.जीवन कांकरिया ने यह बात एलन एलुमिनाई-मीट समानयन में कही। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में दो दिवसीय एलन एलुमिनाई मीट-2024 समानयन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देशभर से डॉक्टर्स कोटा आए। करीब एक हजार से अधिक अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अलग-अलग वर्षों में कोटा में एलन से पढ़कर अपना कॅरियर बनाने वाले इन स्टूडेंट्स के लिए कई कार्यक्रम दो दिनों में हुए। इस दौरान ये अपने शिक्षकों से मिले, उनका आशीर्वाद लिया। दोस्तों से मिले तो गले लगकर एक दूसरे के बारे में जानकारी ली। कोटा और एलन का बदला हुआ स्वरूप इन स्टूडेंट्स ने देखा। कोटा में नवनिर्मित चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क का भ्रमण किया। इसके साथ ही कोटा में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के अलग-अलग इलाकों में बने क्लासरूम कैम्पस भी विजिट किए। मुख्य कार्यक्रम रविवार को एलन समुन्नत कैम्पस के समरस ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यहां सभी पुराने स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे। कार्यक्रम में एलन परिवार की मातोश्री कृष्णादेवी मानधना, निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद, एचओडी केजी वैष्णव व पीबी सक्सेना सर रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक शांति धारीवाल का वीडियो संदेश भी चलाया गया। इस अवसर पर एलन की ओर से एलन स्टूडेंट्स के लिए एलन परिवार स्कॉलरशिप स्कीम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा आए आप सभी डॉक्टर्स का मैं स्वागत करता हूं। मुझे भी गर्व है कि मैं कोटा से हूं। इस गर्व की अनुभूति तब अधिक होती है जब हम किसी दूसरे शहर, दिल्ली और विदेश में जाते हैं। वहां हमें एलन के स्टूडेंट्स मिलते हैं। कोटा की यादें हमसे साझा करते हैं। ये मेरा अनुभव है कि पढ़ाई के लिए कोटा जैसा कोई शहर नहीं है। कोटा जैसी सुविधाएं, यहां के पढ़ाने का तरीका बहुत अच्छा है।

## एनआईपीएस ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया




**कोलकाता।** एनआईपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने एक दिन में "अधिकतम संख्या में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मिठाइयाँ" तैयार करके इतिहास रच दिया। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता प्राप्त इस उपलब्धि ने छात्रों और शिक्षकों की विशेषज्ञता, रचनात्मकता और पाक कला की समृद्धि को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के एडजुडिकेटर श्री अरिंदम सेनगुप्ता की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने छात्रों और एनआईपीएस हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संस्थापक निदेशक श्री विवेक पाठक को प्रमाण पत्र सौंपा।

"पाक कला शिक्षा में अग्रणी के रूप में, हम, **NIPS** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में, अपने छात्रों को हमेशा आगे बढ़ने, लीक से हटकर सोचने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पिछले कई वर्षों से, हमारे छात्रों ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से हमें गौरवान्वित किया है। छात्रों की आज की उपलब्धि, जिसके लिए उन्होंने अधिकतम भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय डेसर्ट तैयार करने की श्रेणी में प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है, कम से कम कहने के लिए बहुत ही उत्साहजनक है। हम बेहद खुश हैं और इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई देते हैं और इस उपलब्धि को मान्यता देने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स को भी धन्यवाद देते हैं" **NIPS** हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संस्थापक निदेशक श्री विवेक पाठक ने कहा। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक के रूप में मैंने कुछ अविश्वसनीय उपलब्धियां देखी हैं, लेकिन एनआईपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग डेज़र्ट इवेंट के साथ जो हासिल किया है, वह वाकई कुछ खास है। डेज़र्ट में विविधता और रचनात्मकता न केवल तकनीकी कौशल को दर्शाती है, बल्कि दुनिया भर की पाक कलाओं के प्रति गहरी प्रशंसा को भी दर्शाती है। प्रतिभा, नवाचार और सांस्कृतिक विविधता के इस अनूठे उत्सव का हिस्सा बनना सम्मान की बात है", इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक श्री अरिंदम सेनगुप्ता ने कहा। छात्रों द्वारा तैयार की गई मिठाइयों में भारतीय खंड से रसमलाई, कहो जैम, स्ट्रॉबेरी श्रीखंड, लैबोंगो लतिका और चॉकलेट संदेश तथा ऑस्ट्रिया से लिंजर टोर्टे, फ्रांस से ओपेरा स्लाइस और पिस्ता पेटिट गेटॉक्स और स्पेन से ट्रेस लेचेस जैसी अंतर्राष्ट्रीय मिठाइयां शामिल थीं। इस अनोखे आयोजन ने छात्रों को दुनिया भर से कई तरह की मिठाइयाँ बनाने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

## पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ 70 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 70 प्रतिशत घटकर 139 करोड़ रुपये रह गया। फंसे कर्जों की वजह से बैंक के लाभ में कमी आई है। बैंक ने शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 457 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

ANNAPURNA FINANCE — GROWING TOGETHER

300 VACANCIES

MEGA RECRUITMENT DRIVE

| Position | Qualification | Age | Experience | Monthly Salary (Including variable pay) |
|---|---|---|---|---|
| Field Credit Officer | 12th Pass | 18-28 Years | Fresher can apply | ₹ 20,000-30,000 |
| Development Officer | Graduation | 20-28 Years | 1 Year Experience in MFI or Graduate fresher can apply | ₹ 22,000-32,000 |
| Assistant Branch Manager | Graduation | 22-30 Years | Minimum 02 Years of experience in MFI or Bank | ₹ 25,000-35,000 |
| Branch Manager | Graduation | 23-32 Years | Minimum 04 Years of experience in MFI or Bank | ₹ 30,000-40,000 |

Walk-In Interview: 14th & 15th May 2024

Branch & Contact Details


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Ambikapur | 7477797704 | Dhamtari | 9669016003 | Bemetara | 9078076435 |
| Bilaspur | 8770131561 | Kanker | 9340266543 | Bhilai | 7008450262 |
| Korba | 9644002270 | Mohla | 7008450262 | Mungeli | 6264897909 |
| Lelunga | 9439977933 | Piithora | 6263928573 | Raipur | 9124203113 |
| Manedragarh | 7328834688 | Raigarh | 9505835630 | Jangir-Champa | 8109323245 |
| Bhanupratappur | 9329222914 | Sarangarh | 9778674180 | Rajnandangaon | 7328834684 |
| Basna | 7354267076 | Balodabazar | 9644002399 | Sheoninarayan | 7735748285 |

EMPLOYEE BENEFITS
- PROVIDENT FUND & PENSION SCHEME
- PERFORMANCE BASED INCENTIVES
- OFF ON 1ST AND 2ND SATURDAYS
- FUEL & MOBILE ALLOWANCE
- HEALTH & LIFE INSURANCE
- REWARD & RECOGNITION
- FREE ACCOMMODATION
- GRATUITY & ESIC

SCAN THE QR CODE TO APPLY

NOTE: NO FEE OR CHARGES ARE REQUIRED FOR SELECTION OF THE POST, SELECTION WILL BE DONE ON MERIT BASIS.

## शब्द पहेली - 5509



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5508 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | य | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | या | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रू | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5520

★★★✬✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5519 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महादेव सट्टे में...

कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव तथा रूपेश कुमार यादव को सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल तथा लैपटॉप जब्त किए हैं। आईजी के मुताबिक अब तक गिरफ्तार 13 सटोरियों के माध्यम से 32 करोड़ रुपए से ज्यादा सट्टे की रकम लेन-देन करने की जानकारी मिली है। साथ ही पुलिस ने जिन पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है, उनके पास 35 बैंक अकाउंट होने की जानकारी पुलिस को मिली है। **हवाला के बजाय क्रिप्टो को बना रहे माध्यमः** दुबई में बैठे सट्टा संचालक पूर्व में अकाउंट के माध्यम से सट्टे की रकम अपने संबंधित हवाला कारोबारियों के माध्यम से पहुंचाने का काम करते थे। पुलिस की सख्ती बढ़ने के बाद सट्टा संचालक अपने हवाला ऑपरेटरों को लोकल स्तर पर सट्टे की रकम बैंक के माध्यम से लेन-देन करने कह रहे हैं, लेकिन जो रकम दुबई भेजनी है, वह रकम सट्टा संचालक क्रिप्टो करेंसी में कन्वर्ट कर ट्रांसफर करने कह रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ समेत कई...

में घने काले बादल छाए रहे। ठंडी हवाएं चलीं। बीती रात धूल भरी आंधी चली और उसके बाद अच्छी बारिश हुई। हालांकि नोएडा में हल्की बौछारें पड़ीं, लेकिन राजधानी में अच्छी बारिश होने से मई के महीने में फरवरी की सर्दी जैसा मौसम लग रहा है।

### पुलिस आरक्षक ने...

जुट गई । इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरानगर वार्ड निवासी त्रिलोचन मालाकार एसपी ऑफिस मे पदस्थ त्रिलोचन मालाकार के पुत्र आरक्षक सन्नी मालाकार ने 12 मई की सुबह खुद को गोली मार ली। घर मे अचानक इस तरह की घटना घटित होने से हड़कंप मच गया।

### बदरीनाथ धाम में...

से बना कंबल हटाया गया। जो छह महीने पहले कपाट बंद होने के समय भगवान को ओढ़ाया जाता है। इस कंबल को प्रसाद रूप में बांटा जाएगा। मंदिर के कपाट पिछले साल 14 नवंबर को बंद हुए थे यानी 179 दिन बाद बद्रीनाथ के कपाट खोले गए। बद्रीनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम हुई। इससे पहले केदारनाथ धाम में भी कपाट खुलने पर पहली पूजा मोदी के नाम हुई थी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से खास लगाव है। इस तरह चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई है। इस मौके पर मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में भक्त मौजूद थे जो 'जय बदरी विशाल' का उद्घोष कर रहे थे। मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है, कपाट खुलने के बाद विशेष पूजा अर्चना की गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। **बाबा बद्रीनाथ ने दो घंटे दिए बिना श्रृंगार वाले निर्वाण दर्शनः** चारधाम तीर्थ पुरोहित पंचायत के महासचिव डॉ. ब्रजेश सती ने बताया कि सुबह छह से आठ बजे तक भगवान के बिना श्रृंगार के दर्शन किए गए, जिसे निर्वाण दर्शन कहते हैं। इसके बाद आठ बजे पहला जलाभिषेक हुआ और पहली पूजा प्रधानमंत्री के नाम से की गई। नौ बजे बालभोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे पूर्ण भोजन का भोग लगाया गया। यही भोग ब्रह्मकपाल भेजा जाएगा। भोग पहुंचने के बाद ही वहां पहला पिंडदान होगा।

### 75 करोड़ से अधिक...

इसके कारण मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व की आशंका भी बढ़ गई है। इस वर्ष भीषण गर्मी में तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के 100 से ज्यादा ग्रामों में इन दिनों निस्तारी जल को लेकर बेहद विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे नहर नाली एवं ट्यूबवेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में तालाब तेजी से सूख रहे हैं, लेकिन तालाबों को पानी से भरने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है और तो और शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्य योजना भी नहीं बनाया गया है। वन्य प्राणियों एवं पालतू मवेशियों को भी तालाबों से पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश तालाबों का पानी सूख चुका है। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के अंचलों में तेजी से गिरते जल स्तर से लोगों में जल संकट की समस्या गहराने लगा है।

### पीएम मोदी के...

के संचालक एकांश अग्रवाल ने बताया कि पीएम मोदी के रोडशो के चलते पिछले कुछ दिनों से मार्केट से फूल खरीदे जाने लगे हैं। **वाराणसी में 1 जून को होगा मतदान**-वाराणसी लोकसभा सीट पर बिल्कुल अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इसको लेकर 7 मई से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में पीएम मोदी भी अपने दो दिवसीय दौरे पर 13 और 14 मई को वाराणसी में मौजूद रहेंगे। 13 मई की शाम पीएम मोदी वाराणसी में रोड शो करने वाले हैं, तो वहीं 14 मई की सुबह वह नामांकन करने जाएंगे।

### महिला और प्रेमी...

रखा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ी जुड़ने के सिद्धांत को देखते हुए साफ है कि महिला और उसके प्रेमी ने यह हत्या की है। रायपुर धनेली निवासी श्रीमती नीरा साहू पति खूबचंद साहू उम्र 35 वर्ष ने 5 अक्टूबर 2017 को सिलतरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति खूबचंद साहू 27 सितंबर 2017 की रात 10 बजे घर से निकला था, वह अत्यधिक शराब पीने वाला है। परिवार में खोज करने के बाद भी नहीं मिलने पर रिपोर्ट लिखाने की बात कही गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि रिपोर्ट करने वाली पत्नी का गांव के भोजराम साहू से अवैध संबंध है। इसका पति विरोध करता था, इस बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। 27-28 सितंबर 2017 की दरम्यानी रात नीरा साहू और उसके प्रेमी भोजराज ने मिलकर खूबचंद की हत्या कर दी।

### साक्ष्य मिटाने की...

हाईकोर्ट में अपील पेश की। अपील में कहा गया कि आरोपियों को संदेह पर परिस्थितिजन्य साक्ष्य में सजा सुनाई गई। सिर्फ सन्देह पर किसी को सजा नहीं दी जा सकती। सरकारी वकील ने इसका विरोध किया एवं कहा कि आरोपियों की निशानदेही पर ही पुलिस ने कुएं से शव, हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, खून लगी साड़ी, टी शर्ट जब्त किया है। कोर्ट ने सुनवाई उपरांत आरोपियों की अपील खारिज कर दी है।

### आईजीपी सीआईडी को...

आधार पर रोक लगाई कि तृतीय श्रेणी कर्मचारी से वेतन विसंगति पर वसूली नहीं कि की जा सकती। कोर्ट ने सेवानिवृत पर वसूली राशि को रोक कर शेष देयकों का भुगतान करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से अवमानना याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने आईजीपी सीआईडी सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

### फैट से भरे हो...

सकते हैं जबकि डिब्बाबंद फलों के रस में फल का केवल 10 फीसदी तत्व ही हो सकता है। हाल ही में जारी किए आहार संबंधी दिशा निर्देशों में आईसीएमआर ने कहा कि पैकेट वाले खाद्य पदार्थ पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने के लिए और उन्हें इस बात पर राजी करने के लिए किए जा सकते हैं कि यह उत्पाद सेहत के लिहाज से अच्छा है। आईसीएमआर के तहत आने वाले हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) द्वारा भारतीयों के लिए जारी आहार संबंधी दिशा निर्देशों में कहा गया है, भारत खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के कड़े नियम हैं लेकिन लेबल पर लिखी सूचना भ्रामक हो सकती है। एनआईएन ने लोगों से लेबल खासतौर से सामग्री और अन्य जानकारी के बारे में सावधानीपूर्वक पढ़ने का अनुरोध किया। 'असली फल या फलों के रस' के दावे को लेकर एनआईएन ने कहा कि एफएसएसएआई के नियम के अनुसार, कोई भी खाद्य पदार्थ चाहे वह बहुत कम मात्रा में हो, उदाहरण के लिए केवल 10 फीसदी या उससे कम फल तत्व वाले उत्पाद को यह लिखने की अनुमति दी जाती है कि वह फलों के गूदे या रस से बना है। इसने कहा कि लेकिन 'रियल फ्रूट' होने का दावा करने वाले उत्पाद में चीनी और अन्य तत्व मिले हो सकते हैं और उसमें असली फल का केवल 10 फीसदी तत्व हो सकता है। इसी तरह 'मेड विद होल ग्रेन' के लिए इसने कहा कि इन शब्दों की गलत व्याख्या की जा सकती है।

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS शिव साइटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोकचंद एंड संस, कश्यप कालोनी, करबला रोड पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9300266612 **(34106)**

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्कयता है सैलरी योग्यता अनुसार फोन 93031 59900, 9630110824 **(34105)**

**आवश्यकता है-** दोसा, एगरोल दुकान सम्भालने हेतु पढ़े लिखे, ईमानदार और मेहनती युवक की आवश्यकता है समय सुबह 10 से रात 10 बजे तक सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर 9098859081 **(34109)**

**आवश्यकता है-** गर्ल्स वियर कपड़े दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, हेल्पर चाहिए वेतन 6000- 9000+ कमीशन मेहनती व्यक्ति सम्पर्क करें- पूजा ड्रैसेस, खाटूश्याम मंदिर के आगे, मेन रोड जूना बिलासपुर 9755974442, 7999691779 **(34108)**

**आवश्यकता है-**किसान भाइयो को कृषि प्रोडक्ट की जानकारी देने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 77718 24070, 8889580567 **(34080)**

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हाईकोर्ट के आगे रायपुर रोड, बिलासपुर 70009 42962, 9098976666 **(34083)**

**आवश्यकता है-**साड़ी सलवार सूट शोरूम में काम करने के लिए सेल्समैन एवं हेल्पर चाहिए आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- संध्या साड़ी हाउस देवकीनन्दन स्कूल चौक के पास प्रताप टाकीज रोड बिलासपुर **(34087)**

**आवश्यकता है-**कम्प्यूटर, विक्रय प्रतिनिधी (मेडिकल का जानकार) एवं पैकिंग कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। मिलें- दोपहर 2बजे से शाम 6बजे तक प्रदीप हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा,बिलासपुर **(34086)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर के लिए महिला आपरेटर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार 12000 सम्पर्क करें- 7587258374 **(34073)**

**आवश्यकता है-**दुकान में कार्य करने मेल, फीमेल, अनुभवी कार्यकर्ता (रंग पेंट दुकान में कार्य कर चुका हो) कम्प्यूटर में कार्य करने वाले एवं सेल्समेन, हमाल चाहिए पता- बजाज पेन्ट्स, बिलासपुर 9827167987 **(34085)**

**आवश्यकता है-**टीवीएस मोटर कम्पनी डीलर को महाराणा प्रताप चौक, सरकण्डा, उस्लापुर ब्रांच में सेल्स सर्विस, कम्प्यूटर आपरेटर, फील्ड वर्क हेतु योग्य व्यक्तियो की। मिलें- शाम 4बजे, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9039167202 **(34088)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 32वर्ष की लड़कियां महिलाएं चाहिए (वेतन 5000)+ एक्सट्रा इनकम+ बोनस गिफ्ट योग्यता अनुसार 10000 से 20000 कमाएं पता- अथर्व हॉस्पिटल के पास, नूतन चौक बिलासपुर 626704 3274 **(34097)**

**आवश्यकता है-**महिलाओं, युवतियो हेतु मेट्रीमोनियल में टेलीकॉलिंग कर ब्रांच मैनेजर बनने हेतु। बोनस+ गिफ्ट, अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 4500 समय 10-5:30 योग्यता 10वी, जरूरतमंद सम्पर्क करे- गोल बाजार, बिलासपुर 8602234450, 812052 6999 **(34098)**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में काम करने के लिए एक ऑल राउंडर शेफ, कुक और एक वेटर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- छोटूजी रेस्टोरेंट भारतीय नगर चौक बिलासपुर 9755655055 **(34069)**

**आवश्यकता है-**होटल में कार्य करने के लिए मैनेजर, फ्रंट ऑफिस, वेटर, अन्य स्टाफ हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए वेतन 8000 से 25000 सम्पर्क करें- होटल अर्जुन, नया बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 97559 84307 **(34104)**

**आवश्यकता है-**होलसेल+ रिटेल मेडिकल में कम्प्यूटर ऑपरेटर (सैलरी 8000 से 14000) माल मिलाने हेतु लड़कियां (सैलरी 5000 से 8000) ट्रांसपोर्ट में माल छोड़ने हेतु लड़के (सैलरी 6000 से 9000) पता- प्रीमियर एजेन्सी मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(33969)**

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000- 45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420183092, 98834 60031 **(178/24-25)**

**आवश्यकता है-** उज्जैन (MP) में रहकर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वी स्नातक पास लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री, कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 9993044523, 62610 02191 **(34075)**

**आवश्यकता है-**एयरपोर्ट Head Office हेतु तुरंत आवश्यकता सीधी भर्ती पक्की परमानेंट नौकरी लड़के- लड़कियां, अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट वेतन 32500- 81300/- ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना+खाना+मेडिकल रायपुर संपर्क- 09205 883119 **(2723)**

**आवश्यकता है-** 2 पोस्ट लेथ मशीन टर्नर (नए/ अनुभवी), 1 पद ड्राइवर (हैवी लाइसेंस) चाहिए। PF, ESIC सुविधा सम्पर्क करें- किशोरी ट्रेडर्स, ग्राम नगोई, मुख्य मार्ग सेंदरी- मोपका बायपास बिलासपुर 83058 12310, 9300350199 **(34076)**

**आवश्यकता है-**कुशल टर्नर, हेल्पर एवं चौकीदार कार्य करने के लिये आवश्यकता है (जो फैक्ट्री में रहकर कार्य कर सके) सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग, कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065, 94252 27026 **(34094)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस में साफ सफाई करने के लिये लड़के की आवश्यकता है। समय प्रातः 8 से शाम 7बजे तक वेतन 9000 रुपये बाहरी के रहने खाने की व्यवस्था सम्पर्क करें सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, बिलासपुर 97554 40437 **(34100)**

**आवश्यकता है-** दुकान में पैकिंग और लोडिंग अनलोडिंग हेतु मेहनती युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- प्रकाश इंटरप्राइजेस सरजू बगीचा रोड तेलिपारा बिलासपुर 9329955344 **(34042)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है बिजी सॉफ्टवेयर चलाने हेतु बिजी एवं एकाउंटिंग की जानकारी आवश्यक केवल जानकार ही मिले। सम्पर्क करें- 9229655344 **(34041)**

**आवश्यकता है-** घर में साफ सफाई के लिए काम करने के लिए महिला/ पुरुष वेतन 9,000 महीना, फार्म हाउस में काम करने के लिए पति पत्नी वेतन 12000 महीना एवं ड्राइवर 10 पद वेतन 12,000 महीना आवास उपलब्ध पानी, बिजली निःशुल्क संपर्क करें देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426 **(2724)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के की जरूरत है। वेतन 7500 रुपए पताः- श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर संपर्क करेः- 9691169665 **(2734)**

**आवश्यकता है-**लेडिज रेडीमेड शोरूम मे कार्य करने हेतु बिलिंग, फोल्डिंग एवं सेल्समैन के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्कता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9993237937 **(34057)**

**आवश्यकता है-** फार्मा कंपनी Zatropha Pharma को बिलासपुर हेडक्वाटर हेतु MR (Medical Representative) की आवश्यकता है। संपर्क करें 9300674797, 9303112310 **(34101)**

**आवश्यकता है-** एसीसी सीमेंट (थर्ड पार्टी पे रोल) में काम करने के लिए (1) सिविल इंजीनियर- 4पद (डिप्लोमा, बीटेक सिविल) (2) एमबीए ग्रैजुएट- 3पद (3) कंक्रीट लैब असिस्टेंट- 1पद (12वीं) लोकेशन- बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, अंबिकापुर 8085970937 **(34078)**

**आवश्यकता है-**लीला ज्वेलर्स एवं फिरोजाबाद बैंगल्स में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9425538825, 9893511200 **(34035)**

**आवश्यकता है-** (1) होटल में काम करने के लिए किचन कुक की आवश्यकता है (2) होटल में हाऊस कीपिंग के लिए लड़कों की आवश्यकता है पता- होटल शिवनेरी सीएमडी कालेज खेल मैदान के सामने, गली के अन्दर, लिंक रोड बिलासपुर 77768 64202 **(34081)**

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु 20 से 28वर्ष के अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 7000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाए 12000 से 15000 महीना सम्पर्क- टिकरापारा बिलासपुर 96854 71225, 6266578863 **(34074)**

**आवश्यकता है-** जीरो-बी हाइड्रोलाइफ कम्पनी में अल्कलाइन वाटर मशीन के सेल्स हेतु सेल्स मैनेजर की जरूरत है कार्यक्षेत्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर MBA एवं अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी 25000 इन्सेंटिव 10000 सम्पर्क करें- सागर गोल्ड स्कवायर काम्प्लेक्स मंगला चौक बिलासपुर 9098909818, 70007 63717 **(34060)**

**आवश्यकता है-**दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स, सदर बाजार गोड़पारा बिलासपुर **(34050)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु 18 से 22वर्ष के 25 मेहनती लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- न्यू फैशन हाउस, ग्रैण्ड अम्बा होटल के पास, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 7999218369 **(34067)**

Required-Sales Executive 10post Candidates with Sales Passion ready to work nearby Bilaspur City Salary+ Incentive+ Allowances Call 7970010958, 95890 00671 Send CV- recruitments.sib@gmail.com **(34071)**

**आवश्यकता है-** तत्काल आवश्यकता है कुरियर एजेंसी में काम करने हेतु डिलीवरी ब्वॉय की आवश्यकता है सैलरी+ 10% कमीशन संपर्क करें गंगा नगर सेक्टर-1 मंगला चौक बिलासपुर 62605 45535, 7898777337 **(34095)**

**आवश्यकता है-**विज्ञापन/ मार्केटिंग एजेंसी को आवश्यकता है एकाउन्ट/ रिशेप्शन (बिजी/ टेलीकालिंग) 1पद, ग्राफिक आपरेटर (कोरल ड्रा/ फोटोशाप) 2पद, मार्केटिंग आफिसर 2पद (एमआर को प्राथमिकता) सम्पर्क करें- 9300066010 **(34102)**

**आवश्यकता है-** 60वर्षीय महिला वकील की देखभाल हेतु लड़की/ महिला चाहिए समय शाम 5बजे से सुबह 7बजे (नाइट ड्यूटी) इच्छुक महिला सम्पर्क करें- सोनगंगा कालोनी साइंस कालेज के पास, बिलासपुर 97559 84189, 9893968977 **(34070)**

**आवश्यकता है-** (1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य करने हेतु साइट इंजीनियर एवं साइट सुपरवाइजर (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसी, शिक्षित ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(34068)**

**आवश्यकता है-** बैग दुकान में सिलाई कार्य हेतु कारीगर (घर से व दुकान आकर) एवम दुकान कार्य हेतु लड़के- लड़कियां व घर काम के लिए महिला की। संपर्कः- क्रिएटिव बैग श्रीराम मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 90989 73726 **(2733)**

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग कार्य हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए सैलरी 5000+ कमीशन बोनस गिफ्ट एवं योग्यता अनुसार 20000 तक कमाने का सुनहरा अवसर सम्पर्क करें- गीतांजली विहार बिलासपुर 73540 56603 **(34062)**

**आवश्यकता है-**मेडिकल क्लीनिक में सुबह दस से रात 8बजे तक कार्य हेतु एक महिला/ पुरूष कर्मचारी चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- यूरोन्यूरो केयर, अम्बे अंजनी ईप्लाजा, अपोलो सिटी सेन्टर के बाजू मे, लिंक रोड, बिलासपुर 9714927620, 9106708412 **(34055)**

**आवश्यकता है-**विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती पीआरओ, कोऑर्डिनेटर, काउंसलर, मीडिया, सोशल मीडिया मार्केटिंग वेतन 12000 से 40000, नौकरी का स्थान बिलासपुर/ रायपुर सम्पर्क करें- मोपका चौक, बिलासपुर 6263386200, 9131030758 **(34061)**

**आवश्यकता है-**इलेक्ट्रीकल दुकान में बिलिंग कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गौरव इलेक्ट्रीकल्स एण्ड फैन्सी लाईट्स, तरुण पुष्कर के पास मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 07752420149 **(34059)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु महिलाओं, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 8वीं से 12वीं सैलरी 5000 योग्यता अनुसार 10000 से 20000+ एक्स्ट्रा बोनस कमाने का अवसर सम्पर्क- नेहरू नगर, गीतांजलि विहार बिलासपुर 7225045049 **(34063)**

**आवश्यकता है-**खेती बाड़ी में कार्य करने हेतु फैमिली वाले की आवश्यकता है, जो वहाँ रहकर खेती कार्य कर सके रहने की सुविधा। दोनों मिलाकर तनख्वाह 12000सम्पर्क करें- भटगांव बिल्हा 9754293974 **(34030)**

**आवश्यकता है-**मैट्रिमोनी में टैली कॉलिंग एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला/ युवती की आवश्यकता है वेतन 5500/- अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी संपर्क करें- पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 96174 67221 **(2729)**

**आवश्यकता है-**एयरपोर्ट (Head Office) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के- लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना+ खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क- 078271 24935 **(2705)**

**आवश्यकता है-**निःशुल्क भर्ती सिलतरा रायपुर हेतु सुरक्षा कर्मी से डायरेक्टर तक संपर्क करेंः-Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00016, 7747000019 **(2732)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस में टेलीकॉलिंग वर्क हेतु लड़कियो की एवं महिलाओं की आवश्यकता है शिक्षा- 8वी से ग्रेजुएट, पता- (1) Cmo ऑफिस के सामने सरकंडा 8305822533 (2) देवनंदन नगर फेस-2 बैमा नगोई रोड- 6266541146 **(2713)**

**आवश्यकता है-**हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं 8/10/12वीं फेल लड़कों/ लड़कियों ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुडकर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह+ रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- ऑफिस रायपुर 77720 111224 **(3919)**

## बेचना

**बेचना है-**बिलासपुर मध्य नगरी चौक में मेन रोड पर 9×18 साइज दुकान बेचना है इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें- 7000253312, 98934 45654 **(34103)**

**बेचना है-**लिंक रोड, सेमी कॉमर्शियल 3मंजिला दुकान 41लाख, तेलीपारा सेमी कामर्शियल 3मंजिला दुकान 41लाख, पामइन्क्लेव शानदार 3BHK स्विमिंग पुल फेसिंग फ्लैट 51लाख, 15×44 तेलीपारा मेडिकल कॉम्प्लेक्स प्लॉट सम्पर्क जगवानी कंस्ट्रक्शन 9827180010 **(33094)**

**बेचना है-** बिलासपुर सिरगिट्टी में तारबहार फाटक के आगे महिमा नगर कालोनी में डायवर्टेड 36×63 पश्चिम मुखी प्लाट शीघ्र बेचना है। केवल खरीदार सम्पर्क करें- 81094 95355 **(34082)**

**बेचना है-**DPS स्कूल, बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5km, GST Office से लगा। 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620, 7898918151 **(33424)**

**बेचना है-**बिलासपुर मंगला धूरीपारा Govt इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास मेनरोड से आधा किमी की दूरी पर सर्वसुविधायुक्त 3बीएचके डुप्लेक्स मकान 26 लाख में बेचना है (प्लॉट साइज 25X50) संपर्क- 74150 87900, 9329940681 **(2731)**

**बेचना है-** सकरी बिलासपुर जैन स्कूल से लगी धीरावर्ल्ड TNC कॉलोनी अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीफिकेशन, ड्रेनेज लैंडस्केप गार्डन हाउस जिम टेम्पल 1265, 1411, 1485, 1600 1800 sqft पूर्व पश्चिम प्लाट। फाइनेन्स उपलब्ध 9907155503 **(34107)**

**बेचना है-** प्लाट एवं बंगलो बेचना है कानन पेंडारी जू बिलासपुर के पास जगन्नाथ सिटी में 30×50 फीट के दो प्लाट क्रमांक 26 एवं 27 को बेचना है एवं कृष्णा विहार चाम्पा में स्थित 3BHK का बंगलो बेचना है संपर्क करें - 9425543435 **(34077)**

**बेचना है-** 11x13 का एक दुकान प्राइम लोकेशन में स्मार्ट इंडिया चौक नेहरू नगर बिलासपुर में मेनरोड में काम्पलेक्स में बेचना है संपर्क करें 9827177008, 94255 45768 **(34064)**

**बेचना है-**घुरू माता चौरा के पास कालोनी में पूर्व मुखी 450 वर्गफीट में बना डबल स्टोरी 2BHK सर्वसुविधायुक्त मकान 16लाख में बेचना है। संपर्क करें- 9399860882, 8435262380 **(33909)**

**बेचना है-** बिलासपुर में रिंगरोड नं. 2 में गीतांजलि एनक्लेव में ग्राउण्ड फ्लोर का फ्लेट छात्राओं हेतु बेड सिस्टम पर किराये से देना है अथवा बेचना है संपर्क करें 88390 57793, 7869097223 **(34066)**

**बेचना है-** जे.पी. विहार मंगला में 2100 वर्गफुट प्लाट एरिया में निर्मित मकान 2400 वर्गफुट में बना। दो साइड रोड 30 चौड़ी, पूरब व उत्तर फेस एवं सेपरेट बोर है संपर्क 8120175970 **(34053)**

**बेचना है-** ग्राम जांजी में पूजाश्री आटोमोबाइल में टू व्हीलर का सभी रनिंग आइटम, रेक सहित, बाजार मूल्य से 50% कम दर पर बेचना है। सम्पर्क करें- 9827117299, 9300326235 **(34079)**

**किराया-**मेन रोड स्थित तोरवा पावर हाउस बिलासपुर में 10000 वर्गफीट जमीन पर 5000 वर्गफीट में बना काम्पलेक्स किराये पर देना है संपर्क करें- 9588037306 **(34052)**

**किराया-**अल्का ऐवेन्यू उस्लापुर बिलासपुर में तीन बेडरूम हाल, किचन बालकनी पोर्चयुक्त मकान, चौबीस घंटे पानी की सुविधा किराये से देना है नौकरी पेशे वालों को प्राथमिकता संपर्क करें 96306 10280 **(34065)**

**फाइनेन्स-** मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्क करेः- 09599 838780 **(2736)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



12- MAY- K&C- MAIN- Pg- 9 KHEL_Layout 1 5/13/2024 12:09 AM Page 1



# कोलकाता ने प्लेऑफ में बनाई जगह... बाकी 3 स्पॉट के लिए दौड़ में 7 टीमें, 8 मैच बाकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। मौजूदा सीजन में रविवार तक 62 मैच हो चुके हैं। देख जाए तो अब लीग स्टेज में सिर्फ 8 ही मुकाबले बचे हैं, मगर प्लेऑफ की रेस में अब भी 7 टीमें बनी हुई हैं। केवल श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। जबकि मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स प्लेऑफ की रेस से पूरी तरह बाहर हो चुकी है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम है, जिसके 16 अंक हैं। फिर 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है। 14 अंकों के साथ हैदराबाद चौथे स्थान पर है। इसके बाद वाली दो टीमों के 12-12 अंक हैं, वहीं दो टीमों के 10-10 पॉइंट्स हैं।

### राजस्थान रॉयल्स

2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स अभी 12 मैचों में 16 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। हालांकि उसकी पोजीशन पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। रॉयल्स से नीचे चार टीमें ऐसी हैं, जिनके पास 14-12 अंक है। राजस्थान रॉयल्स को अंक तालिका में टॉप-2 में रहने के लिए अपने आखिरी तीन मैचों में से दो में जीत हासिल करनी होगी।

**आरआर के मैच**
15 मई: बनाम पंजाब किंग्स
19 मई: बनाम कोलकाता नाइट राइर्स

### चेन्नई सुपर किंग्स

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के 13 मैचों में 14 अंक हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज की है। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच हैं। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए उसे अंतिम मैच में जीत हासिल करनी होगी। सीएसके एक जीत के साथ भी क्वालीफाई कर सकती है, लेकिन उस स्थिति में आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ को कम से कम एक मैच हारना होगा।

**बाकी मैच:** 18 मई: बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

### सनराइजर्स हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक हैं। अंक तालिका में वह चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट-रनरेट भी प्लस (0.406) में है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हैदराबाद का अगला मैच बेहद महत्वपूर्ण है। उस मैच में जीत हासिल करने पर सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेऑफ में एंट्री लगभग पक्की हो सकती है।

**बाकी मैच:** 16 मई: बनाम गुजरात टाइटन्स
19 मई: बनाम पंजाब किंग्स



### कोलकाता नाइट राइडर्स

दो बार की चैंपियन केकेआर ने आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। केकेआर ने 12 में से 9 मैच जीते हैं और वह 18 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर है। अगर केकेआर बाकी के दो में से एक मैच जीत जाती है तो वह निश्चित रूप से टॉप-2 में रहेगी।

**केकेबार के बाकी मैच**
13 मई: बनाम गुजरात टाइटन्स
19 मई: बनाम राजस्थान रॉयल्स

### दिल्ली कैपिटल्स

12 मैचों में 12 अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स अभी भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के पास एक मैच और है और उसे ये मैच जीतने होंगे। उसे एलएसजी से अंतिम मैच खेलना है। अंतिम मैच जीतने पर भी क्वालीफिकेशन की गारंटी नहीं है क्योंकि हैदराबाद ने लखनऊ को हरा दिया और सीएसके ने बाकी दोनों मैच जीत लिए, तो दिल्ली की उम्मीदें धूमिल हो जाएंगी।

**बाकी मैच**
14 मई: बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जाइंट्स के 12 मैचों में 12 अंक हैं। केएल राहुल की टीम को अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। अगर लखनऊ की टीम दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस को हरा देती है। फिर सनराइजर्स हैदराबाद या चेन्नई सुपर किंग्स में से कोई एक टीम अपने दोनों मैच हार जाती है तो लखनऊ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

**बाकी मुकाबले:** 14 मई: बनाम दिल्ली कैपिटल्स
17 मई: बनाम मुंबई इंडियंस

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार जीत के बाद अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई। अब आरसीबी 10 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है। आरीबी को अब चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है। आरसीबी को अंतिम मैच जीतना ही होगा। साथ ही ये दुआ करनी होगी कि सीएसके राजस्थान रॉयल्स, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच हार जाए। तब जाकर आरसीबी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है।

**बाकी मैच:** 18 मई: बनाम चेन्नई सुपर किंग्स

### गुजरात टाइटन्स

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत से गुजरात टाइटन्स ने अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। हालांकि उसकी प्लेऑफ में जाने की संभावनाएं काफी कम हैं। गुजरात अपने बाकी दो गेम जीतती है तो वह 14 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में गुजरात को पॉइंट टेबल में अपने से ऊपर काबिज टीमों के मैचों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

**बाकी मुकाबले**
13 मई: बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स
16 मई: बनाम सनराइजर्स हैदराबाद

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 9 | 3 | 18 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**
1898 चौके
1097 छक्के

## खबर संक्षेप

### कई संयोजन आजमाने का मौका मिला : टेटे



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

### ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहते हैं

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे।



### केकेआर की जीत का मंत्र सभी का समर्थन करना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के उप कप्तान नितीश राणा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में उनकी टीम को मिली सफलता की कुंजी उतार-चढ़ाव के दौर में एक दूसरे का समर्थन करना है जैसा कि वह पिछले दो वर्षों में नहीं कर पा रहे थे। दो बार के चैंपियन केकेआर ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। वह नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम है।



## आईपीएल : सीएसके ने आरआर को पांच विकेट से हराया

# चेन्नई ने प्लेऑफ की ओर बढ़ाए कदम रॉयल्स लगातार तीसरी हार से निराश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के कम स्कोर वाले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद मजबूत की। सीएसके ने तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह (तीन विकेट) के प्रदर्शन और अनुशासित गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स की टीम को धीमी पिच पर पांच विकेट पर 141 रन का स्कोर ही बनाने दिया। सीएसके टीम ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज कर लिया।

राजस्थान रॉयल्स के लिए फॉर्म में चल रहे रियान पराग 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ (42 रन) के अलावा सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने 18 गेंद में 27 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में समीर रिज्वी (नाबाद 15 रन) ने चौका लगाकर सीएसके को जीत दिलाई। शिवम दुबे की 11 गेंद में 18 रन की पारी भी अहम रही जिसमें उन्होंने आर अश्विन के एक ओवर में 14 रन जुटाए। इस जीत से सीएसके 14 अंक लेकर चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई और खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार रखा। राजस्थान रॉयल्स 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है, उसकी यह लगातार तीसरी हार थी।



### फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हुए जडेजा

रवींद्र जडेजा फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट करार दिए गए। जडेजा रन आउट होने से बचने के लिए पीछे की ओर भाग रहे थे और जानबूझकर विकेट के सामने आ गए। संजू सैमसन ने जडेजा को आउट करने के लिए गेंद विकेट की ओर हिट की, लेकिन जडेजा के सामने होने से गेंद जडेजा को लगी। सैमसन ने फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट की अपील की और तीसरे अंपायर ने जडेजा को आउट करार दिया। आईपीएल में तीसरा मौका है जब कोई खिलाड़ी इस तरह आउट हुआ है। जडेजा से पहले अमित मिश्रा और युसूफ पठान भी फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हो चुके हैं। जडेजा छह गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए।

### सिमरजीत का शानदार प्रदर्शन

*पावरप्ले में भले ही चेन्नई की टीम कोई विकेट नहीं हासिल कर सकी, लेकिन सिमरजीत सिंह ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर राजस्थान को पहला झटका दिया। यशस्वी 21 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बटलर भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सिमरजीत की गेंद पर ही पवेलियन लौटे। बटलर ने 25 गेंदों पर 21 रन बनाए। इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को भी सिमरजीत ने अपना निशाना बनाया और वह 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दिलचस्प बात यह है कि सिमरजीत ने ही राजस्थान के शुरुआती तीन विकेट लिए।*

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 24 | 21 | 3 | 1 |
| बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत | 21 | 25 | 2 | 0 |
| सैमसन का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 15 | 19 | 0 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 1 | 3 |
| ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे | 28 | 18 | 1 | 2 |
| दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 141/5
गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-30-2, तीक्ष्णा 4-0-28-0, ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत 4-0-26-3, जडेजा 4-0-24-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का एवं अश्विन | 27 | 18 | 1 | 2 |
| रूतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 1 | 2 |
| मिचेल पगबाधा बो चहल | 22 | 13 | 4 | 0 |
| अली का आवेश खान बो बर्गर | 10 | 13 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे का पराग बो अश्विन | 18 | 11 | 2 | 1 |
| जडेजा क्षेत्ररक्षण में बाधा आउट | 05 | 06 | 0 | 0 |
| समीर रिज्वी नाबाद | 15 | 08 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 18.2 ओवर में 145/5
गेंदबाजी : बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप 3-0-30-0, अश्विन 4-0-35-2, बर्गर 3-0-21-1, चहल 4-0-22-1, आवेश 2-0-12-0.

# बेंगलुरु की लगातार पांचवीं जीत दर्ज



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज करते हुए मेहमान टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया। इस जीत से आरसीबी के 13 मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीदें बनी हुई हैं।

दिल्ली के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन आरसीबी की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण पांचवें जबकि दिल्ली की टीम छठे स्थान पर है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 0.387 जबकि दिल्ली का माइनस 0.482 है।

आरसीबी की ओर से यश दयाल ने 20 रन देकर तीन जबकि लॉकी फर्ग्युसन ने 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। कैमरन ग्रीन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इससे पहले पाटीदार ने 32 गेंद में तीन छक्कों और तीन चौकों से 52 रन की पारी खेलने के अलावा विल जैक्स (29 गेंद में 41 रन, तीन चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की जिससे आरसीबी ने नौ विकेट पर 187 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेली।

### प्रज्ञानंदा ने कार्लसन को हराया

**वारसॉ।** भारत के आर प्रज्ञानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की। वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंदा का नंबर आता है। भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

# ईशा, अनीष ने ओलंपिक चयन ट्रायल में दर्ज की दूसरी जीत



एजेंसी ▶▶| भोपाल

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की।

अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी। मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### रमनदीप पर लगा 20 फीसदी जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 27 वर्ष के खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# चोट के बावजूद खेले मेसी, इंटर मियामी की लगातार 5वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बाएं घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।



# गुजरात का सामना मजबूत केकेआर से आज



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। यह हालांकि निश्चित है कि टाइटंस की टीम अगर मगर के समीकरण में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव

*टाइटंस के गेंदबाज इस सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव है जबकि स्पिनर रन लुटा रहे हैं। चेन्नई के खिलाफ पिछले मैच में हालांकि उसने पहले तीन ओवर में ही तीन विकेट हासिल कर लिए थे। अनुभवी मोहित शर्मा और राशिद खान का गेंदबाजी में प्रदर्शन टीम के लिए काफी मायने रखेगा।*


## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, अम्बिकापुर
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, संचार / संधार संभाग अम्बिकापुर अंतर्गत विभिन्न फीडरों, विद्युत लाईनों एवं उपकरणों का मानसून पूर्व आवश्यक अनुरक्षण एवं रख-रखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

अम्बिकापुर (ग्रामीण) उप-संभाग

| क्र. | दिनांक | समय | प्रभावित फीडर एवं उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. बतौली उपकेन्द्र - दरिमा, नवानगर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दरिमा, नवानगर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 2 | 16.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - एम. एस. पी. ( अडानी) उपकेन्द्र - सुखरी | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सुखरी से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 3 | 21.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - कल्याणपुर उपकेन्द्र - भिट्ठकला, सांडबार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भिट्ठकला, सांडबार से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| (लखनपुर / उदयपुर) उप - संभाग | | | | |
| 4 | 14.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. उदयपुर, डांडगांव उपकेन्द्र - लखनपुर, उदयपुर, लटोरी, कुन्नी, डांडगांव | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लखनपुर, उदयपुर, लटोरी, कुन्नी, डांडगांव से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 5 | 17.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर- 33 के.व्ही. उदयपुर उपकेन्द्र - लखनपुर, उदयपुर, लटोरी | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लखनपुर, उदयपुर, लटोरी से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 6 | 20.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. खम्हरिया उपकेन्द्र - खम्हरिया | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खम्हरिया से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 7 | 21.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. डांडगांव उपकेन्द्र - कुन्नी, डांडगांव | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कुन्नी, डांडगांव से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| बतौली उप-संभाग | | | | |
| 8 | 14.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. काराबेल - बतौली उपकेन्द्र - बतौली | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बतौली से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 9 | 15.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. काराबेल - महेशपुर - बतौली उपकेन्द्र - महेशपुर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र महेशपुर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 10 | 16.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. बतौली - लमगांव उपकेन्द्र - लमगांव | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लमगांव से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 11 | 17.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. बतौली - लुण्ड्रा उपकेन्द्र - लुण्ड्रा | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लुण्ड्रा से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 12 | 18.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. बरियों - धौरपुर उपकेन्द्र - धौरपुर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| सीतापुर उप-संभाग | | | | |
| 13 | 17.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. पत्थलगांव- गुतुरमा उपकेन्द्र - खड़गांव | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खड़गांव से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 14 | 18.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. काराबेल - रोपाखार ( मैनपाट ) उपकेन्द्र - रोपाखार ( मैनपाट ) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र काराबेल, रोपाखार ( मैनपाट ) से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 15 | 19.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. काराबेल - सीतापुर उपकेन्द्र - सीतापुर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सीतापुर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |
| 16 | 20.05.2024 | प्रात: 9 से दोपहर 3 बजे तक | फीडर - 33 के.व्ही. सीतापुर - खड़गांव उपकेन्द्र - खड़गांव, सीतापुर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खड़गांव, सीतापुर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त ग्राम |

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं।
- विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है।

कार्यपालन अभियंता (सं/स) संभाग,
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि.,अम्बिकापुर

# तेलंगाना से 15 सौ करोड़ बकाया वसूलने अब मध्यस्थता का सहारा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के तेलंगाना पॉवर कंपनी पर बकाया 15 सौ करोड़ का मामला अब तक सुलझ नहीं सका है। इसके लिए सारे प्रयासों के बाद बीच का रास्ता निकालने नियमों के मुताबिक दोनों कंपनियों की तरफ से एक-एक मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। साथ ही एक पूर्व जज को रेफरी की तरह नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद सारा लेखा-जोखा देखते हुए फैसला होगा। ऐसा कहा जा रहा है, यह फैसला दोनों कंपनियों को मान्य होगा।



तेलंगाना पर कई सालों से 36 सौ करोड़ का बकाया है। पहले तेलंगाना ने इस बकाया में से 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना, लेकिन बाद में तेलंगाना ने छह सौ करोड़ का और बकाया मान लिया। ऐसे में 21 सौ करोड़ का बकाया तो मान लिया गया, लेकिन 15 सौ करोड़ बकाया पर पेंच फंसा रहा। बीते साल एक बार फिर से तेलंगाना बिजली कंपनी ने छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठकर आमने-सामने बात की तो 15 सौ करोड़ बकाया में से 13 सौ करोड़ का बकाया माना गया है, लेकिन इसके बाद भी मामला नहीं सुलझा। तेलंगाना के अधिकारियों ने अपनी पूरी रिपोर्ट अपनी कंपनी दे दी, लेकिन तेलंगाना की कंपनी ने इसके बाद भी कोई फैसला नहीं किया है। पॉवर कंपनी केंद्रीय मंत्रालय में भी लगातार गुहार लगा चुकी है, लेकिन फैसला नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब मध्यस्थता का रास्ता निकालने की बात पॉवर कंपनी के अधिकारी कह रहे हैं।

इस मामले में लगातार प्रयास के बाद भी काम न बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में अपने 15 सौ करोड़ और बकाया होने का दावा किया तो इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने तेलंगाना कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर फटकार लगाते हुए मामले को सुलझाने के लिए कहा। इसी के साथ कहा गया, अगर मामला नहीं सुलझा तो बकाया प्राप्ति पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। ऐसा होने पर पूरा बकाया देना ही पड़ेगा।

## प्रदेशभर में चाकूबाजी और लूट की वारदातें आम, अपराधी बेलगाम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। मासूम बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ गईं। पांच माह में प्रदेश में 36 से अधिक हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा राज के पांच महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। दुर्ग में 16 वर्ष की मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश की गई। दो महीने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनाएं हो गईं। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ इसी हफ्ते, बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटी है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गई। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गए हैं। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं।










## आईजीपी सीआईडी को अवमानना नोटिस

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने आदेश का पालन नहीं करने पर पीएचक्यू आईजीपी सीआईडी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता कृष्णा प्रसाद ठाकुर सीआईडी शाखा में हेडकांस्टेबल के पद में पदस्थ थे। उनके खिलाफ वेतन विसंगति पर वसूली आदेश जारी किया गया। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने वसूली पर इस आधार पर रोक लगाई कि तृतीय श्रेणी कर्मचारी से वेतन विसंगति पर वसूली नहीं कि की जा सकती।

कोर्ट ने सेवानिवृत पर वसूली राशि को रोक कर शेष देयकों का भुगतान करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से अवमानना याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने आईजीपी सीआईडी सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

## चार नए फॉर्मेसी कॉलेजों के लिए अर्जी, इंजीनियरिंग में थोड़ी राहत, इस बार एक भी कॉलेज में नहीं लटकेगा ताला

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

फॉर्मेसी सेक्टर में छात्रों की बढ़ती दिलचस्पी के बाद चार फॉर्मेसी महाविद्यालयों के लिए तकनीकी विवि को आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के जिए जिन चार नए फॉर्मेसी महाविद्यालयों के लिए आवेदन मिले हैं, उनमें 2 बिलासपुर में तथा 2 जांजगीर-चांपा में हैं। तकनीकी विवि से अनुमति प्राप्त होने के साथ ही फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से भी अनुमति मिलनी आवश्यक है। यहां से अनुमति मिलने के बाद ही ये महाविद्यालय प्रारंभ हो पाएंगे। ऐसे में यदि नया सत्र प्रारंभ होने के पूर्व अनुमति मिल पाती है, तब ही छात्रों को नए सत्र से बढ़ी हुई सीटों का लाभ मिल पाएगी। गौरतलब है कि फॉर्मेसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीफॉर्मा और एमफॉर्मा की पढ़ाई होती है। बीफॉर्मा में दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही होते हैं। इस बार व्यापम इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 13 जून को करने जा रहा है। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में फॉर्मेसी की 5 हजार 698 सीटें हैं। नए महाविद्यालयों को कितनी सीटों की अनुमति दी जाएगी, इसका निर्धारण पीसीआई अर्थात फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। इधर, इंजीनियरिंग की बात करें तो इस बार स्थिति कुछ बेहतर हो सकती है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में दो इंजीनियरिंग कॉलेजों पर ताला लटका था। विवि प्रबंधन के मुताबिक, इस वर्ष किसी भी महाविद्यालय ने क्लोजर के लिए अब तक अर्जी नहीं दी है। ऐसे में इस वर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज के बंद होने के आसार नहीं हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com